दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

● नई दिल्ली। सोमवार 07 जुलाई-2025 | ● वर्ष : 10 अंक : 198 पेज-08 | ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 | ● मूल्य : ₹3







# ट्रिपल लेयर में रहेगी कांवड़ यात्रा की पूरी सुरक्षा व्यवस्था

## 3000 पुलिसकर्मी, 300 से ज्यादा सीसीटीवी, ड्रोन और कांवड़ मित्र रहेंगे मार्ग पर तैनात





### बड़ी संख्या में ट्रैफिक पुलिसकर्मियों की भी लगाई जाएगी महत्वपूर्ण चौराहों और कट पर ड्यूटी

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में कांवड़ यात्रा को शांतिपूर्वक संपन्न कराने के लिए बड़े स्तर पर तैयारियां चल रही हैं। कभी अधिकारी दिल्ली, नोएडा, मेरठ, गाजियाबाद, हापुड़ और अन्य जनपदों के अधिकारियों के साथ बैठक कर रहे हैं। तो वहीं कदराबाद से लेकर लोनी और दिल्ली बॉर्डर तक जाने वाले कांवड़ियों के मार्ग पर जगह-जगह सुरक्षा व्यवस्था का जायजा ले रहे हैं। पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में कांवड़ यात्रा में महत्वपूर्ण जिम्मेदारी संभाल रहे एडिशनल सीपी आलोक प्रियदर्शी ने जानकारी दी है की कांवड़ यात्रा के दौरान लगभग 3000 पुलिस कर्मियों को राउंड द क्लॉक ड्यूटी पर लगाया जाएगा। तो वहीं बड़ी संख्या में यातायात पुलिस के पुलिसकर्मी भी प्रमुख चौराहाओं, कट और कंट्रोल रूम के आसपास तैनात किए जाएंगे ताकि कांवड़ मार्गो पर किसी प्रकार की असुविधा न हो।

कांवड़ यात्रियों पर नजर रखने और किसी भी प्रकार के खतरे को ध्यान में रखते हुए ड्रोन के जरिए पूरे कावड़ मार्ग पर समय-समय अलग-अलग थानाक्षेत्र पर ड्रोन से फुटेज रिकॉर्ड की जाएगी। तो वहीं सोशल मीडिया के माध्यम से भी निगरानी रखने का काम होगा।

### दूधेश्वरनाथ मठ मंदिर पर भी रहेंगे सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम





**करंट क्राइम :** डीसीपी सिटी जोन धवल जायसवाल ने जानकारी दी है कि सावन मास की शिवरात्रि और कांवड़ यात्रा को ध्यान में रखते हुए घंटाघर कोतवाली क्षेत्र और विजयनगर से सटे हुए दूधेश्वरनाथ मठ मंदिर को लेकर सुरक्षा के व्यापक बंदोबस्त किए जाएंगे। इसके लिए लगातार सुरक्षा की रिहर्सल की जा रही है। तो प्रत्येक बिंदु पर पुलिस कर्मियों की ड्यूटी लगाने से लेकर महिला और पुरुष पुलिस कर्मियों की बड़ी संख्या में प्रत्येक सोमवार को तैनाती होगी। इसके साथ ही मंदिर परिसर में लगे 50 से अधिक कैमरों के अलावा मंदिर के आसपास रूफ टॉप ड्यूटी लगाने के साथ ही सादे वस्त्रों में पुलिस कर्मी तैनात किए जाएंगे। तो वहीं सिविल डिफेंस और डिजिटल वालंटियर फोर्स के ट्रेंड सदस्यों को भी अलग-अलग स्थानों पर ड्यूटी और सुरक्षा व्यवस्था बनाने के लिए इस्तेमाल किया जाएगा।

### 300 से अधिक कैमरों की निगरानी से गुजरेगी कांवड़ यात्रा

**करंट क्राइम :** गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट के अंतर्गत लगभग 185 किलोमीटर का लंबा सफर कांवड़ यात्रा के दौरान पश्चिम उत्तर प्रदेश के साथ ही दिल्ली, हरियाणा, राजस्थान, पंजाब और गाजियाबाद के आसपास के शहरों में जाने वाले कांवड़ियों पर निगरानी रखने के लिए 300 से अधिक सीसीटीवी कैमरों की मदद ली जाएगी। इस दौरान प्रशासन और नगर निगम की ओर से भी अतिरिक्त कैमरे लगवाए जा रहे हैं ताकि हर गतिविधि पर नजर रखी जा सके।

### छह स्थानों पर कंट्रोल रूम करेंगे कांवड़ यात्रा को मॉनीटर



**करंट क्राइम :** कांवड़ यात्रा में हर साल शिव भक्तों की भीड़ बढ़ रही है। तो यह अब बड़ा जुलूस और आयोजन बन गया है। इसको देखते हुए सुरक्षा में किसी प्रकार की कमी नहीं बरती जा रही है। तो वहीं इस बार मोदी नगर राज चौपला से लेकर मुरादनगर गंग नहर, मेरठ रोड तिराहा स्थित मुख्य कंट्रोल रूम, मोहन नगर, यूपी बॉर्डर और दिल्ली बॉर्डर के साथ ही जिला मुख्यालय पर विशेष कंट्रोल रूम के जरिए कांवड़ यात्रियों और रूट की निगरानी रखने के साथ ही कई महत्वपूर्ण गतिविधियों पर नजर रखने का काम भी किया जाएगा।

### अतिरिक्त पुलिस फोर्स की भेजी गई है डिमांड

**करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम के अधिकारियों से मिली जानकारी के अनुसार कांवड़ यात्रा के दौरान जहां पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के 27 थानों और लाइन के फोर्स का बड़ी संख्या में इस्तेमाल किया जाएगा। तो वहीं अतिरिक्त रिजर्व बल को सुरक्षा व्यवस्था की कमान संभालने के लिए पुलिस कर्मियों की डिमांड की गई है। तो वहीं पीएसी भी इस दौरान कांवड़ यात्रा पर सुरक्षा का पहरा प्रदान करने का काम करेगी।

# दैनिक करंट क्राइम की खबर के बाद खुल गया टंकी पर लगा ताला

### अधिशासी अधिकारी ने लिया संज्ञान और हो गया समाधान

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** खोड़ा नगर पालिका के क्षेत्र में वार्ड संख्या-8 में उस पानी की टंकी पर किसी ने ताला डाल दिया, जो पानी की टंकी जनता की सुविधा के लिये लगाई गई। खोड़ा में पहले से ही पेयजल एक बड़ी चुनौती है। यहां गंगा जल परियोजना से लेकर अन्य परियोजनाओं पर काम चल रहा है। तत्कालीन लोकसभा सांसद जनरल वीके सिंह ने मुख्यमंत्री से मिलकर खोड़ा की पेयजल समस्या के लिये बात की थी। कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने खोड़ा में पेयजल के लिये मुख्यमंत्री से बात की थी और उसके बाद यहां पेयजल के इंतजाम हुए थे।



खोड़ा नगर पालिका परिषद की चेयरपर्सन मोहिनी शर्मा ने भी नगर पालिका में पानी के लिये पूरे प्रयास किये और उनका भी योगदान इस दिशा में रहा है, लेकिन खबर खोड़ा के वार्ड संख्या-8 से है जहां किसी ने उस पानी सप्लाई के संशाधन पर ही लोहे की मोटी चेन लगाकर ताला डाल दिया जिससे क्षेत्र में जल सप्लाई होनी थी। लोगों को इस ताले के चलते पानी प्राप्त नहीं हो रहा था। दैनिक करंट क्राइम ने इस खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया था।

दैनिक करंट क्राइम में खबर प्रकाशित होने के बाद खोड़ा के अधिशासी अधिकारी अभिषेक कुमार ने इसका संज्ञान लिया और उन्होंने तत्काल ही वार्ड संख्या-8 में लगाए गए इस ताले को खुलवाया। अधिशासी अधिकारी अभिषेक कुमार के एक्शन के बाद जनता को राहत मिली और पानी की सप्लाई भी ताले से आजाद हुई। दैनिक करंट क्राइम का भी योगदान इस जल सप्लाई को ताले से मुक्ति दिलाने में रहा। दैनिक करंट क्राइम खबर प्रकाशित होने के बाद अधिशासी अधिकारी ने इस पर संज्ञान लिया और ताला खुला गया।

# बिजनौर में बीजेपी संगठन मंत्री धर्मपाल सिंह की माताजी का निधन

## डिप्टी सीएम समेत भाजपा कार्यकर्ताओं ने दी श्रद्धांजलि, गंगा बैराज पर हुआ अंतिम संस्कार





















**बिजनौर, करंट क्राइम।** बिजनौर में भारतीय जनता पार्टी के संगठन मंत्री धर्मपाल सिंह की माता का देर रात निधन हो गया। रविवार को गंगा बैराज घाट पर उनका अंतिम संस्कार किया गया। श्रद्धांजलि देने उत्तर प्रदेश के दोनों उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और बृजेश पाठक पहुंचे। बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी भी मौजूद रहे।

इस मौके पर गाजियाबाद के कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा, स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री नरेंद्र कश्यप, पिलखुआ नगर पालिका के चेयरमैन विभु बंसल, भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल, पूर्व राज्यसभा सांसद अनिल अग्रवाल, वरिष्ठ भाजपा नेता मानसिंह गोस्वामी, तरुण शर्मा, पार्षद गौरव सोलंकी सहित बड़ी संख्या में भाजपा नेता शोक प्रकट करने पहुंचे।

सुबह करीब 10:00 बजे नगीना से शव यात्रा निकाली गई। यात्रा गंगा बैराज घाट तक पहुंची। इसमें हजारों लोगों ने हिस्सा लिया। पार्टी के कार्यकर्ता और पदाधिकारी भी शामिल हुए। इस दौरान क्षेत्रीय अध्यक्ष सत्येंद्र सिसोदिया, जिला अध्यक्ष भूपेंद्र चौहान और प्रभारी मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने श्रद्धांजलि दी। बिजनौर सांसद चंदन चौहान और एमएलसी अशोक कटारिया भी मौजूद रहे। जिला पंचायत अध्यक्ष सकेंद्र प्रताप, जिलाधिकारी जसजीत कौर और पुलिस अधीक्षक अभिषेक भी कार्यक्रम में शामिल हुए। आसपास के जिलों से भी भाजपा के कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता श्रद्धांजलि देने पहुंचे।

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह की माता भाग्यवती के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने शोक व्यक्त करते हुए कहा कि प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह की पूजनीय माताजी के निधन का समाचार अत्यंत दुःखद एवं हृदय विदारक है।

# हिमाचल में लगातार एक सप्ताह बरसेंगे बादल, 55 अभी भी लापता

## मौसम विभाग ने तीन जिलों के लिए रेड अलर्ट घोषित किया




**शिमला।** हिमाचल प्रदेश में 5 से 9 जुलाई के दौरान निचले पहाड़ी-मैदानी इलाकों, मध्य पहाड़ी और आसपास के ऊंचे पहाड़ी इलाकों में अधिकांश स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश और कुछ स्थानों पर भारी से बहुत भारी बारिश होने की संभावना है। मौसम विभाग ने पहले तीन जिलों में 6 जुलाई के लिए रेड अलर्ट किया गया था। फिर 10 जिलों और अब फिर से संशोधित कर तीन जिलों के लिए रेड अलर्ट जारी किया गया है। बारिश की अधिकतम तीव्रता 6 और 7 जुलाई को होगी। 6 जुलाई की दोपहर से 7 जुलाई की दोपहर तक निचले पहाड़ी/मैदानी इलाकों और आसपास के मध्य पहाड़ी इलाकों में बहुत भारी से बेहद भारी बारिश की भी संभावना है। वहीं राज्य में शुक्रवार सुबह 10:00 बजे तक 280 सड़कें वाहनों की आवाजाही के लिए बाधित थीं। इसके अतिरिक्त 332 बिजली ट्रांसफार्मर व 784 जल आपूर्ति स्कीमें भी प्रभावित हैं। सबसे अधिक156 सड़कें मंडी जिले में ठप हैं। सिरमौर 49, कुल्लू 36 व शिमला में 19 सड़कें प्रभावित हैं।

**इन जिलों के लिए अलर्ट :** मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के अनुसार राज्य के कई भागों में 4, 9 व 10 जुलाई को भारी बारिश का येलो अलर्ट है। जबकि 5, 7 व 8 जुलाई के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। वहीं बीते 24 घंटों के दौरान अगाहर में 71.4, घाघस 38.6, सराहन 36.5, शिमला 36.4, नगरोटा सूरियां 31.4, कंडाघाट 31.0, नेरी 29.5, करसोग 27.4, मुरारी देवी 24.4, कांगड़ा 22.7 व पालमपुर में 21.2 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई।

# आ रहा हूं मैं, सभी 243 सीटों पर लड़ूंगा चुनाव : चिराग पासवान




**पटना।** बिहार में इस साल के आखिर में विधानसभा चुनाव होने है, जिसको लेकर सभी राजनीतिक दल तैयारियों में जुट गए हैं। सीट शेयरिंग और चुनावी रणनीति पर मंथन तेज हो गया। वहीं केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान के चुनाव लड़ने को लेकर सियासत गरमाई हुई है। एक बार फिर उन्होंने स्पष्ट कर दिया है कि वो बिहार में चुनाव लड़ेंगे। उनकी पार्टी सूबे की सभी 243 विधानसभा सीटों पर चुनाव लड़ेगी। रविवार को छपरा के राजेंद्र स्टेडियम में जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के प्रमुख और जमुई से सांसद चिराग पासवान ने एक जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने ऐलान किया कि उनकी पार्टी बिहार की 243 विधानसभा सीटों पर चुनाव लड़ेगी। उन्होंने कहा कि 'हर सीट पर चिराग पासवान खड़ा होगा'।

### 'कोई ताकत आरक्षण को खत्म नहीं कर सकती'

चिराग पासवान ने कहा कि वह बिहार फर्स्ट बिहारी फर्स्ट के लिए अपनी जान की बाजी लगा देंगे। उन्होंने कहा कि बहुत समय से यह अफवाह फैलाई जा रही है कि आरक्षण को खत्म कर दिया जाएगा जब तक रामविलास पासवान का बेटा चिराग पासवान जिंदा है तब तक दुनिया की कोई ताकत आरक्षण को खत्म नहीं कर सकती है। उन्होंने बिहार में पलायन रोकने के लिए कहा कि बिहार के लोग अपनी रोजी रोटी के लिए बाहर जाते हैं। हम चाहते हैं कि बिहार में ऐसी सरकार बने जो बिहार से बाहर जाने वाले लोगों को अपने घर अपने शहर अपने प्रखंड में रोजगार दे सके। उन्होंने कहा कि 2023 में गठबंधन की सरकार थी जिसमें उपमुख्यमंत्री और शिक्षा मंत्री फखऊसे थे उस समय डोमिसाइल नीति को लाने का ख्याल क्यों नहीं उठाया गया जबकि हमने इसकी मांग की थी।

### 'मुझे बिहार आने से रोकने की साजिश की जा रही है'

जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के प्रमुख ने ये भी कहा कि हमें बार-बार बिहार आने से रोका जाता है। सीएम नीतीश कुमार का नाम लिए बिना उन्होंने निशाना साधते हुए कहा कि उन्हें बिहार आने से रोकने की साजिश की जा रही है, लेकिन चिराग पासवान किसी से डरने वाला नहीं है। उन्होंने कहा कि कुछ लोग यह चाहते हैं कि वह बिहार ना आएं और केंद्र की ही राजनीति करें लेकिन मैं बिहार में सक्रिय राजनीति में आ रहा हूं। चिराग पासवान ने बिहार में बढ़ते अपराध को लेकर सूबे की नीतीश सरकार पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि बिहार में आए दिन हत्याएं हो रही हैं। हम सुशासन की सरकार के साथ हैं और अगर सुशासन की सरकार में इस तरह की वारदातें और हत्याएं होती हैं।

# कुल्लू में बड़ा हादसा, खाई में गिरी कार, 4 लोगों की मौत, 1 घायल




**कुल्लू।** हिमाचल प्रदेश के कुल्लू जिले में एक भीषण सड़क हादसे में चार लोगों की मौत हो गई, जबकि एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। यह दर्दनाक हादसा आज रोहतांग दर्रे के राहनीनाला के पास उस समय हुआ जब एक कार सड़क से फिसलकर गहरी खाई में जा गिरी।

मनाली के डीएसपी, केडी शर्मा ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि वाहन में कुल पांच लोग सवार थे। हादसे के बाद तुरंत बचाव अभियान शुरू कर दिया गया है। अभी तक मृतकों और घायल व्यक्ति की पहचान नहीं हो पाई है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर राहत और बचाव कार्य तेज कर दिया है।

### 150 फीट गहरी खाई में गिरी बच्ची, बची जान

एक अन्य खबर में, हिमाचल प्रदेश के हमीरपुर जिले के सुजानपुर क्षेत्र के आंसला गांव में एक दर्दनाक सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई, जबकि उसकी दो साल की दोस्त की बेटी चमत्कारिक रूप से बच गई, हालांकि उसे कुछ चोटें आई हैं। यह हादसा उस समय हुआ जब युवक अपनी बाइक पर फिसलन भरे पहाड़ी रास्ते से जा रहा था और 150 फुट गहरी खाई में जा गिरा।

पुलिस ने शनिवार को जानकारी देते हुए बताया कि मृतक की पहचान मनसुख कुमार के रूप में हुई है। घटना शुक्रवार देर रात की है जब मनसुख अपने दोस्त कंचन कुमार और कंचन की दो वर्षीय बेटी के साथ मोटरसाइकिल पर जा रहे थे। रास्ते की चढ़ाई और फिसलन को देखते हुए कंचन ने मनसुख से कुछ दूरी तक पैदल चलने और आगे मिलने के लिए कहा था।

**युवक का शव और बच्ची खाई में पाए गए :** हालांकि, जब मनसुख और बच्ची तय स्थान पर काफी देर तक नहीं पहुंचे, तो कंचन ने उनकी तलाश शुरू की। बाद में उन्होंने अपने गांव वालों और पुलिस को इसकी सूचना दी। रात करीब 9 बजे पुलिस और होमगार्ड की टीम मौके पर पहुंची और तलाशी अभियान शुरू किया गया।

शनिवार सुबह तलाशी अभियान के दौरान मनसुख का शव और बच्ची खाई में पाए गए। बच्ची को तुरंत सुजानपुर ले जाया गया और बाद में हमीरपुर जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसका इलाज चल रहा है। पुलिस ने बताया कि इस मामले में केस दर्ज कर लिया गया है और अधिकारी घटना के कारणों का पता लगाने के लिए जांच कर रहे हैं।

# कंगना ने बाढ़ प्रभावित इलाकों का किया दौरा




## विपक्ष को दिया मुंहतोड़ जवाब-पहुंचाई मदद

**मंडी:** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की मंडी से सांसद और अभिनेत्री कंगना रनौत ने हिमाचल प्रदेश के विपक्ष के नेता (एलओपी) और पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर के साथ रविवार को मंडी जिले के बादल फटने से प्रभावित इलाकों का दौरा किया और स्थानीय निवासियों से बातचीत की। कंगना रनौत ने कहा, केंद्र सरकार ने सेना भेजकर तत्काल राहत अभियान चलाया। स्थानीय स्तर पर, हमने प्रभावित परिवारों को राहत सामग्री प्रदान की... भले ही प्रधानमंत्री विदेश दौरे पर हैं, लेकिन उन्हें यहां क्या हो रहा है, इसकी जानकारी है, और केंद्र सरकार हरकत में आ गई है। एक सांसद के रूप में, मेरा काम धन लाना और सरकार को जमीनी हकीकत से अवगत कराना है।

**केंद्र सरकार ने सेना भेजकर तत्काल चलाया राहत अभियानः कंगना**

कंगना ने रविवार को मंडी जिले के थुनाग उपखंड का भी दौरा किया, जहां पूरे हिमाचल प्रदेश में भारी बारिश के कारण हुए बादल फटने और अचानक आई बाढ़ से व्यापक विनाश और जान-माल का नुकसान हुआ है। कंगना ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों, विशेषकर थुनाग उपखंड में भारत सरकार और प्रशासन द्वारा 'राहत प्रयासों' की ऑन-फील्ड रिपोर्ट साझा की। कंगना रनौत ने कहा, बादल फटने के बाद, मंडी में यहां बाढ़ जैसी स्थिति है। सड़क संपर्क बुरी तरह प्रभावित है, खासकर थुनाग क्षेत्र और आस-पास के इलाकों में। इसके बावजूद, हमारी सरकार और प्रशासन स्थिति पर बारीकी से नजर रख रहे हैं, और राहत प्रयास जारी हैं। सड़क संपर्क बहाल किया जा रहा है। हमारी टीमें हर प्रभावित क्षेत्र में हैं। हमने प्रभावित क्षेत्रों में समितियां बनाई हैं, जिनके अपने अध्यक्ष हैं। अधिकारियों के अनुसार, हिमाचल के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू व्यक्तिगत रूप से राहत कार्यों की देखरेख कर रहे हैं और उन्होंने प्रभावित परिवारों को राज्य सरकार से पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया है। राज्य सरकार के एक प्रवक्ता ने कहा कि मंडी प्रशासन ने आपदा प्रभावित क्षेत्रों में प्रभावित परिवारों के बीच 1,317 खाद्य किट वितरित की हैं जिनमें 5 किलो आटा, 5 किलो चावल, एक लीटर खाद्य तेल, एक किलो नमक, एक किलो चीनी, दो किलो दाल, 100 ग्राम हल्दी, 100 ग्राम मिर्च पाउडर और 100 ग्राम चाय है।

# विक्रम मजीठिया को 14 दिन की न्यायिक हिरासत, मोहाली कोर्ट का फैसला

## एसएडी ने इसे आप सरकार की राजनीतिक साजिश बताया




**मोहाली।** शिरोमणि अकाली दल के वरिष्ठ नेता और पंजाब के पूर्व कैबिनेट मंत्री बिक्रम सिंह मजीठिया को मोहाली कोर्ट ने 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

मजीठिया को आज 11 दिन के पुलिस रिमांड पूरा होने के बाद कोर्ट में पेश किया गया था। पंजाब विजिलेंस ब्यूरो ने उन पर आय से अधिक संपत्ति और 540 करोड़ रुपये के ड्रग मनी लॉन्ड्रिंग के आरोप लगाए हैं। विजिलेंस ने कोर्ट से और रिमांड की मांग की थी, लेकिन मजीठिया के वकीलों ने इसका कड़ा विरोध किया। इसके बाद कोर्ट ने उन्हें न्यायिक हिरासत में भेजने का आदेश दिया।

मजीठिया को 25 जून को अमृतसर में उनके आवास से गिरफ्तार किया गया था। यह गिरफ्तारी प्रिवेंशन ऑफ करप्शन एक्ट के तहत दर्ज एक नए एफआईआर के आधार पर हुई, जो 2021 के ड्रग तस्करी मामले की जांच से जुड़ा है। विजिलेंस का दावा है कि प्रारंभिक जांच में पता चला कि मजीठिया ने 540 करोड़ रुपये से अधिक की ड्रग मनी को विभिन्न चैनलों के जरिए लॉन्डर किया। जांच में शिमला में 400 हेक्टेयर में फैली उनकी कथित बेनामी संपत्ति की भी पड़ताल की जा रही है।

मोहाली कोर्ट में सुनवाई के दौरान विजिलेंस ने दावा किया कि मजीठिया जांच में सहयोग नहीं कर रहे हैं, जिसके चलते और रिमांड की जरूरत है। दूसरी ओर मजीठिया के वकीलों जिसमें एचएस धनोआ और अर्शदीप सिंह कलेर शामिल थे ने तर्क दिया कि कोई नया सबूत पेश नहीं किया गया और ये आरोप पुराने हैं, जिन्हें सुप्रीम कोर्ट में पहले ही खारिज किया जा चुका है। मजीठिया ने पंजाब और हरियाणा हाई कोर्ट में अपनी गिरफ्तारी और रिमांड को गैरकानूनी बताते हुए याचिका भी दायर की है, जिसमें उन्होंने इसे राजनीतिक बदले की कार्रवाई करार दिया। इस याचिका पर सुनवाई 4 जुलाई को हो चुकी है, लेकिन अभी कोई अंतिम फैसला नहीं आया।

पंजाब विजिलेंस ने मजीठिया के अमृतसर और मजीठा स्थित कार्यालयों और अन्य 25 ठिकानों पर छापेमारी की थी। जांच में 29 मोबाइल, 4 लैपटॉप, 2 आईपैड, 8 डायरी और 500 करोड़ रुपये के लेनदेन से जुड़े दस्तावेज बरामद किए गए। विजिलेंस का कहना है कि मजीठिया की सराया इंडस्ट्रीज से जुड़े लेनदेन में भारी अनियमितताएं मिली हैं, जिसमें 161 करोड़ रुपये नकद और 141 करोड़ रुपये विदेशी संस्थाओं के जरिए जमा किए गए। मजीठिया ने दावा किया कि वह सराया इंडस्ट्रीज से 16 साल पहले अलग हो चुके हैं और उनका सिर्फ 11% शेयर है।

यह मामला पंजाब की राजनीति में हलचल मचा रहा है। एसएडी ने इसे आप सरकार की राजनीतिक साजिश बताया है। पार्टी अध्यक्ष सुखबीर सिंह बादल ने दावा किया कि उनके कार्यकताओं को मजीठिया के समर्थन में मोहाली जाने से रोका गया। दूसरी ओर विजिलेंस का कहना है कि जांच में कई गवाहों जैसे पूर्व डीजीपी सिद्धार्थ चट्टोपाध्याय और ईडी के पूर्व डिप्टी डायरेक्टर निरंजन सिंह के बयान दर्ज किए गए हैं। मजीठिया पहले भी 2021 के ड्रग मामले में 2022 में पांच महीने जेल में रह चुके हैं और अगस्त 2022 में उन्हें जमानत मिली थी।

# मोहर्रम के लिए यूपी में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी

## जुलूस में मुस्लिम समुदाय के साथ-साथ अन्य धर्मों के लोगों ने भी लिया हिस्सा



**या अली और या हुसैन के नारों से गूंजते जुलूस के रास्तों में किया गया लंगर का आयोजन**

**लखनऊ।** प्रयागराज में मोहर्रम की दसवीं पर आस्था और एकता का अद्भुत नजारा देखने को मिला। जब बड़ा ताजिया और बुड्ढा ताजिया जुलूस के साथ कर्बला तक पहुंचा। जुलूस में मुस्लिम समुदाय के साथ-साथ अन्य धर्मों के लोगों ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। या अली और या हुसैन के नारों से गूंजते जुलूस के रास्ते में जगह-जगह लंगर का आयोजन किया गया, जबकि शांति और सुरक्षा व्यवस्था की कमान डीसीपी सिटी अभिषेक भारती और एडिशनल डीसीपी अभिजीत कुमार ने संभाली, जो ड्रोन के जरिए निगरानी करते रहे।

सोनभद्र जिले के बभनी थाना क्षेत्र में मोहर्रम के ताजिया जुलूस के दौरान उस वक्त अफरा-तफरी मच गई, जब एक तेज रफ्तार कार ने जुलूस में शामिल पीआरडी जवान समेत दो लोगों को टक्कर मार दी। हादसे में गंभीर रूप से घायल दोनों व्यक्तियों को पहले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। हादसे के बाद कार चालक मौके से फरार हो गया। बताया जा रहा है कि कार वाराणसी से छत्तीसगढ़ की ओर जा रही थी। बुलंदशहर में मोहर्रम को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क और मुस्तैद नजर आ रहा है। जुलूस और धार्मिक कार्यक्रमों को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। एसपी देहात ने साफ कहा है कि सोशल मीडिया पर किसी भी तरह की अफवाह फैलाने वालों पर सख्त कार्रवाई होगी। उन्होंने जिलेवासियों से अपील की है कि मोहर्रम के दौरान शांति और सौहार्द बनाए रखें।

लखनऊ में मोहर्रम का परंपरागत जुलूस आज सुबह से ही पूरी धार्मिक श्रद्धा और अनुशासन के साथ निकाला जा रहा है। पुराने लखनऊ के ऐतिहासिक मार्गों से गुजरते हुए यह जुलूस नाजिम साहब इमामबाड़ा, अकबरी गेट, बिल्लौचपुरा, बुलाकी अड्डा और बाजारखाला होते हुए तालकटोरा स्थित कर्बला तक पहुंचता है। भीड़ और सुरक्षा के मद्देनजर ट्रैफिक पुलिस ने 18 मार्गों पर डायवर्जन लागू किया है, जिनमें से 11 रूट पर यह व्यवस्था सुबह 7 बजे से ही प्रभावी है। मोहर्रम को लेकर बरेली में सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद कर दी गई है। संवेदनशील माहौल को देखते हुए प्रशासन ने ट्रैफिक डायवर्जन से लेकर भारी वाहनों पर रोक तक कई सख्त इंतजाम किए है। सुबह 6 बजे से ही पुलिस, पीएसी और रैपिड एक्शन फोर्स की तैनाती के साथ शहर को सुरक्षा घेरे में ले लिया गया है।

# मतदाता सूची पुनरीक्षण के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट पहुंचीं महुआ मोहत्रा



**पटना।** बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) का मामला लगातार गमार्ता जा रहा है। चुनाव आयोग के फैसले के खिलाफ अब तृणमूल कांग्रेस की नेता और सांसद महुआ मोइत्रा ने सुप्रीम कोर्ट का रुख किया है। महुआ मोइत्रा ने भारत निर्वाचन आयोग के आदेश को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है। महुआ मोइत्रा ने अपनी याचिका में कहा कि वह निर्वाचन आयोग के 24 जून के उस आदेश को रद्द करने का अनुरोध करती हैं। जिसके तहत संविधान के विभिन्न प्रावधानों का कथित उल्लंघन करते हुए विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) किया जा रहा है।

याचिका के मुताबिक, संविधान के अनुच्छेद 32 के तहत जनहित में दायर वर्तमान रिट याचिका में भारत निर्वाचन आयोग के 24 जून को जारी आदेश को रद्द करने का अनुरोध किया गया है। आदेश के तहत बिहार में मतदाता सूचियों का विशेष गहन पुनरीक्षण किया जा रहा है, जो संविधान के अनुच्छेद 14, 19(1)(ए), 21, 325, 328 व जनप्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 और निर्वाचक पंजीकरण नियम, 1960 के प्रावधानों का उल्लंघन करता है।

**NAME CHANGED**

Ritu Goyal and Ritu Rani Goyal both are my name.I Should be name as Ritu Rani Goyal W/O Vinesh Goyal R/O H.No E-22, Lajpat Nagar, Sahibabad, Ghaziabad for future.

**नाम परिवर्तन**

मैं, उषा रानी, पत्नी श्री भूपेन्द्र कुमार चौधरी, निवासी मकान संख्या 321, गली संख्या 7, राधेश्याम विहार फेज 1, मुरादनगर, गाज़ियाबाद, 201206, यह घोषित करती हूँ कि मैंने अपना नाम उषा चौधरी से बदलकर उषा रानी कर लिया है और भविष्य में सभी कार्यों, अभिलेखों तथा दस्तावेजों में मुझे उषा रानी के नाम से जाना जाए।

दैनिक करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...






# इधर बताया लोकसभा सांसद अतुल गर्ग को मैटर
## उधर लिख दिया उन्होंने तत्काल ही एयरपोर्ट अथॉरिटी को लैटर

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** जनप्रतिनिधि अगर किसी भी समस्या को लेकर रेस्पांस खुद देते हैं तो समाधान भी जल्दी होता है। लोकसभा सांसद अतुल गर्ग एक ऐसे सांसद के रूप में अपनी छवि बनाने में सफल रहे हैं जो जनहित के मुद्दों पर काम करते हैं। जनता के लिये काम करते हैं और उनका ये प्रयास रहता है कि सरकार की निधि से जनहित का काम हो और जनता के बीच सरकार का नाम हो। इस विजन के साथ वो काम करते हैं और उसका ही ये रिजल्ट है कि जिस एयरपोर्ट से तीन साल में कोई उड़ान नहीं चली उस एयरपोर्ट से आज रोजाना आठ फ्लाइट शुरू हो गई हैं। खुद अतुल गर्ग गोवा वाली उड़ान में अपने साथ भाजपा दल को लेकर पहुंचे और अपनी सरकार के कार्यकाल की उपलब्धि का एक बड़ा संदेश दिया।

हालांकि हिंडन से जो फ्लाइट शुरू हुई है उसको लेकर क्रेडिट वाली एक फाइट चलती दिखाई देती है, लेकिन अतुल गर्ग लगातार काम कर रहे हैं। इसमें कोई दो राय नहीं है कि आज हिंडन डोमेस्टिक एयरपोर्ट से रोजाना आठ शहरों के लिये उड़ान भरी जा रही है। आने वाले समय में यहां इंडिगो की आठ फ्लाइट और शुरू होने जा रही है। अब जब हिंडन डोमेस्टिक एयरपोर्ट पूरी तरह से ऑपरेटिव मोड में है तो फिर यहां सुविधाएं भी उसी प्रकार से होनी चाहिए। क्योंकि एयरपोर्ट पर केवल गाजियाबाद के लोग नहीं आते हैं बल्कि यहां से उड़ान सेवा का लाभ लेने के लिये दिल्ली और आसपास के शहरों के लोग भी आते हैं।




एयरपोर्ट की छोटी-छोटी सुविधाओं से गाजियाबाद के बारे में लोग एक जनछवि बनाते हैं, वो ये देखते हैं कि अन्य एयरपोर्ट की तुलना में गाजियाबाद के इस डोमेस्टिक एयरपोर्ट पर यात्रियों के लिये क्या सुविधा है। अतुल गर्ग भी अपने लोकसभा क्षेत्र की हर चीज पर फोकस करते हैं और यदि कोई सवाल है तो उसका समाधान करते हैं। एयरपोर्ट से उड़ान शुरू हो गई है और डोमेस्टिक एयरपोर्ट टर्मिनल पर दैनिक करंट क्राइम की टीम पहुंची। यहां पर दैनिक करंट क्राइम ने इस बात को महसूस किया कि अब इस एयरपोर्ट पर लोगों की संख्या बढ़ रही है और यात्रियों की संख्या के अनुपात में कई ऐसी सुविधाएं हैं जो यहां होनी चाहिए और उन पर ध्यान दिया जाना आवश्यक है।

एयरपोर्ट पर यूरिनल-टॉयलेट की संख्या अब बढ़ाई जानी चाहिए, क्योंकि यात्रियों को यह सुविधा उपलब्ध होनी चाहिए और इसकी साफ-सफाई पर भी विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए। इसी तरह अब जब आवागमन बढ़ गया है तो जाहिर सी बात है कि खाने-पीने के सामान के काउंटर बढ़ाए जाने चाहिए। मौजूदा समय में यहां केवल एक फूड काउंटर है। अगर यहां फूड काउंटर की संख्या अधिक होगी और खाने-पीने की वस्तुओं की वेरायटी अधिक होगी तो यात्रियों को अधिका सुविधा रहेगी और ऐसा एयरपोर्ट पर होना भी चाहिए। कई बार ये होता है कि व्यक्ति समय पर एयरपोर्ट पहुंचते हैं, लेकिन किन्ही भी कारणों से कई बार फ्लाइट मिस हो जाती है तो इंतजार करना पड़ता है और ऐसे में यात्री फूड काउंटर की तरफ भी जाते हैं, अगर एयरपोर्ट पर खाने-पीने की वस्तुओं की वैरायटी नहीं होगी तो यात्रियों को परेशानी होग। वहीं सबके मूलभूत जरूरत आज के समय में मोबाइल और लैटपटॉप चार्ज करने की है। ये कामकाजी दिनचर्या का सबसे अहम हिस्सा है। हिंडन डोमेस्टिक एयरपोर्ट पर चार्जिंग प्वांइट की संख्या बेहद कम है। यात्रियों को इससे परेशानी होती है। करंट क्राइम ने इस ओर ध्यान दिलाया। अब जब हिंडन डोमेस्टिक एयरपोर्ट पूरी तरह से वर्किंग अंदाज में है तो यहां दूसरे एयरपोर्ट की तरह बाहर आने-जाने के लिये टैक्सी उपलब्ध होनी चाहिए, लेकिन यहां पर अभी इसका अभाव है। अगर अधिक संख्या में टैक्सी उपलब्ध होंगी तो लोगों को सुविधा होगी और उन्हें इंतजार नहीं करना पड़ेगा और ये डोमेस्टिक एयरपोर्ट की जरूरत भी है।

दैनिक करंट क्राइम ने जब लोकसभा सांसद अतुल गर्ग को इन सब बिंदुओं पर जानकारी दी तो उन्होंने तत्काल ही जनसुविधाओं से जुड़े इस विषय पर संज्ञान लिया और क्विक रेस्पांस दिखाया। उन्होंने तुरंत ही एयरपोर्ट अथॉरिटी के प्रमुख अधिकारी को फोन मिलाया और उन्हें यह बिंदु समझाते हुए कहा कि मुझे तुरंत एयरपोर्ट अथॉरिटी के अधिकारियों के साथ बैठक करनी है। बैठक का समय और स्थान सुनिश्चित कर मुझे अवगत कराया जाए।

लोकसभा सांसद अतुल गर्ग ने बात को यहीं नहीं छोड़ा और तुरंत ही अपने निजी सचिव को बुला लिया और उन्हें भी यह सब बिंदु नोट कराते हुए एक लेटर लिखवाया। सांसद का ये क्विक रेस्पांस बताने के लिये काफी था कि वो जनता की सुविधाओं को लेकर अपने लोकसभा क्षेत्र की जनछवि को लेकर और सरकार के प्रति जनधारणा को लेकर पूरी तरह गंभीर होकर काम करते हैं। उनका यह अंदाज यह बताने के लिये काफी है। एक जनप्रतिनिधि के इसी अंदाज से जनता को लाभ होता है और सरकार का नाम होता है।

# कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा कर रहे हैं इन दिनों स्पेशल डाइट प्लान के साथ काम
## आठ महीने की कड़ी मेहनत से कर लिया है उन्होंने 20 किलो वजन कम

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** सरकार होती है तो जनप्रतिनिधियों के कंधों पर जनता के कामों का भार बढ़ जाता है। इन दिनों भगवा गढ़ में एक जनप्रतिनिधि ऐसे हैं जो शरीर के वजन से लेकर सत्ता के गलियारों में अपनी बात का वजन काफी हैवीवेट रखते हैं। वो कैबिनेट में हैं और देश की सबसे बड़ी विधानसभा में सबसे बड़ी जीत हासिल करने वाले विधायक हैं। मगर, सुना है कि इन दिनों वो अपना वजन कम करने पर लगे हुए हैं। जिन लोगों ने उन्हें काफी दिन से नहीं देखा है तो वो थोड़ा अपडेट हो लें क्योंकि जिस हिसाब से वो वजन कम कर रहे हैं, उस हिसाब से उनका लुक भी बदल रहा है। आखिर सरकार के कैबिनेट मंत्री अपना वजन क्यों कम कर रहे हैं। इसके पीछे कोई सेहत फॉमूर्ला है या फिर कोई और बात है, यह जानने के लिये करंट क्राइम ने कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा से बात की।



सुनील शर्मा ने पूरे मामले को हैल्थ और जीवनशैली से जोड़ा। उन्होंने कहा कि शरीर में अतिरिक्त वजन होना सही मायनों में एक अभिशाप है। उन्होंने बताया कि मुझे स्वस्थ्य संबंधी दिक्कत होने लगी थी। मुझे ऐसा महसूस होने लगा था कि मेरी एफिशियंसी कम होने लगी थी। इसके चलते मैंने फिर अपनी जीवनशैली में बदलाव किया और मैंने डाइटीशियन से भी सलाह ली।

### आठ महीने से नहीं खाई है रोटी-चावल और मिठाई

**करंट क्राइम।** वजन बढ़ आराम से जाता है, लेकिन उसे घटाने के लिये पसीना बहाना पड़ता है। कैबिनेट मंत्री भी इन दिनों जबरदस्त डाइट प्लान पर काम कर रहे हैं। उन्होंने आठ महीने से रोटी नहीं खाई है, चावल नहीं खाए हैं और मिठाई नहीं खाई है। यहां तक की आठ महीने से उन्होंने दूध भी नहीं पिया, चिकनाई की चीज भी नहीं खाई और अब वो मैदे की वस्तुओं से भी परहेज कर रहे हैं। खानपान का अंदाज बदल गया है। अब वो सुबह स्नान-ध्यान-पूजा के बाद 10 से 11 बादाम, तीन अखरोट और पपीते का नाश्ता करते हैं। उसके थोड़ी देर बाद वो उबले हुए चने, उबली हुई दाल की चाट खाते हैं। दोपहर में वो बेसन या दाल का चीला भोजन में लेते हैं और फिर मट्ठा या छाछ पीते हैं। दोपहर में फल खाते हैं और रात को मसूर या मूंग की दाल भोजन में लेते हैं।

### दिल है कि मानता नहीं इसलिये कभी-कभी ये भी

**करंट क्राइम।** कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने कहा कि वह चाय छोड़ने का विचार कर रहे हैं, लेकिन छोड़ नहीं पा रहे हैं। उन्होंने कहा कि दिनचर्या ऐसी है कि चाय ना चाहते हुए भी हो जाती है। वहीं उन्होंने कहा कि अगर शादी-विवाह में जाना होता है तो कोशिश यही रहती है कि कुछ ना खाऊं, लेकिन दो चीजें मेरी पसंददीदा हैं और इन्हें आप मेरी कमजोरी भी कह सकते हैं। वो दो चीजें गोल-गप्पा और दही-भल्ला है। इन्हें मैं जरूर खा लेता हूं।

### 20 किलो कम हो गया है पावर वाले हैवीवेट का वेट

**करंट क्राइम।** सुनील शर्मा मिनिस्ट ऑफ कैबिनेट हैं। वो पावर वाले सेंटर के हैवीवेट भी हैं और इतनी डाइट और दिनचर्या का लाभ बताते हुए उन्होंने कहा कि आठ महीने मेरा वजन 20 किलो कम हो गया है। उन्होंने कहा कि मैं वर्कआउट तो नहीं करता, लेकिन सुबह-सवेरे उठकर मैं पार्क में जरूर घूमता हूं। इसके लिये मैंने अलग-अलग पार्क चुने हैं। सुबह-सवेरे मॉर्निंग वॉक के साथ कार्यकताओं से और जनता से संवाद भी हो जाता है।

# बीत गया पहला सप्ताह नहीं हुई बैठक और निगम कार्यकारिणी का चुनाव
## जुलाई के पहले सप्ताह में होनी थी निगम कार्यकारिणी सदस्यों के चुनाव की प्रक्रिया

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** जुलाई का पहला सप्ताह बीत गया है और अब तक नगर निगम की एजेंडा और 6 नए कार्यकारिणी सदस्य चुने जाने के लिए होने वाली मीटिंग को लेकर कोई जानकारी नहीं मिल रही है। बताया जा रहा है कि नगर निगम के छह नए कार्यकारी सदस्यों का चयन होना था और फिर निगम कार्यकारिणी में उपाध्यक्ष की कुर्सी पर कौन विराजेगा इसको लेकर भी अभी सस्पेंस बना हुआ है। उधर नगर निगम के जानकार कहते हैं कि जब तक नगर निगम के 6 कार्यकारी सदस्यों का चुनाव नहीं हो जाता तब तक उपाध्यक्ष की स्थिति क्लियर नहीं होगी। बता दें कि बीते दिनों लैटर जारी करके यह है जानकारी दी गई थी कि जुलाई के प्रथम सप्ताह में निगम कार्यकारिणी के सदस्य चुने जाने को लेकर प्रक्रिया शुरू होगी लेकिन अभी इसकी शुरूआत नहीं हो पाई है।




### क्या मामला होगा लेट या कांवड़ यात्रा का हो रहा है वेट

**करंट क्राइम :** नगर निगम के सूत्र बताते हैं कि जिन 6 कार्यकारिणी सदस्यों का समय बीत गया है। वह लंबे समय से इंतजार में थे कि उपाध्यक्ष पद का चुनाव होगा लेकिन ऐसा नहीं हो सका। उधर अब चर्चा यह है चल रही है कि 9 तारीख को जहां उत्तर प्रदेश में बड़ा पौधा रोपण कार्यक्रम होना है। तो इसके बाद 10 जुलाई को गुरु पूर्णिमा का कार्यक्रम है और फिर लगभग 11 तारीख से कांवड़ यात्रा की समीक्षा शुरू हो जाएगी। 12 तारीख से कांवड़िए हरिद्वार गंगा जल लेने के लिए रवाना होने शुरू हो जाएंगे। तो इनकी भीड़ का सिलसिला भी अगले कुछ दिनों में शुरू होगा। ऐसे में नगर निगम की कार्यकारिणी सदस्यों के चुनाव वाली बैठक कब होती है, इसकी स्थिति कुछ भी क्लियर नजर नहीं आ रही। तो वहीं नगर निगम गाजियाबाद वाले सूत्र बता रहे हैं कि ऐसा भी हो सकता है की कांवड़ यात्रा समाप्त होने के बाद ही कार्यकारिणी सदस्यों के चुनाव वाली प्रक्रिया की शुरूआत हो पाए। फिलहाल अभी क्या होगा और क्या नहीं कुछ भी स्पष्ट नहीं है।

# सांई उपवन में 14वां कांवड़ शिविर आयोजित करेगा निगम
## नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने अधिकारियों संग लिया जायजा

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद नगर निगम जहां कांवड़ यात्रा को सुरक्षित और सुव्यवस्थित बनाने में तैयारी कर रहा है वहीं नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के नेतृत्व में 14वां भव्य कांवड़ शिविर का आयोजन भी गाजियाबाद नगर निगम की तरफ से किया जा रहा है। नगर आयुक्त द्वारा निगम अधिकारियों तथा समिति के सदस्यों के साथ सांई उपवन में निरीक्षण किया तथा व्यवस्थाओं का जायजा लिया।





### कांवड़ियों के लिए 24 घंटे भोजन तथा विश्राम की रहेगी व्यवस्था

**करंट क्राइम।** नगर आयुक्त ने बताया कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी 14वां विशाल भंडारा कांवड़ शिविर का आयोजन गाजियाबाद नगर निगम द्वारा किया जा रहा है। कांवड़ यात्रियों तथा श्रद्धालुओं के लिए विश्राम की व्यवस्था सांई मंदिर परिसर में की जाएगी जिसके लिए लगभग 200 तख्त लगवाए जाएंगे जिन पर कालीन बिछाया जाएगा ताकि थके हुए कांवड़ यात्री विश्राम कर सकें व्यवस्था कराई जाएगी। प्रकाश व्यवस्था के लिए लड़ियां लगाई जाएंगी। इसके अलावा पंखे कूलरों की व्यवस्था भी की जाएगी। स्नान के लिए शौचालय की व्यवस्था तथा मोबाइल टॉयलेट भी लगाए जाएंगे। 24 घंटे भोजन की व्यवस्था भी कराई जाएगी। लगभग 6 दिन में एक लाख से अधिक कांवड़ यात्रियों के लिए व्यवस्था की योजना बनाई गई है।



नगर आयुक्त
विक्रमादित्य सिंह मलिक

### प्लास्टिक मुक्त तथा जीरो वेस्ट पर आधारित होगा कांवड़ शिविर : नगर आयुक्त

**करंट क्राइम।** निगम द्वारा आयोजित कांवड़ शिविर में सफाई व्यवस्था का पूर्ण ध्यान रखा जाएगा। इसके लिए नगर आयुक्त द्वारा निरीक्षण के दौरान टीम को निर्देश दिए गए। सफाई के साथ-साथ सुरक्षा की दृष्टि से लाइट पोल पर फ्लेक्स लगाने के लिए भी कहा गया, तथा अलग से कंट्रोल रूम बनाकर कैमरे इत्यादि की व्यवस्था करने के लिए निर्देश दिए गए। गाजियाबाद नगर निगम द्वारा आयोजित होगा भंडारा। कांवड़ शिविर प्लास्टिक मुक्त होगा तथा जीरो वेस्ट आधारित रहेगा जिसके लिए टीम नहीं योजना बनाई है। दूर शहरों से आने वाले कांवड़ियों को किसी प्रकार की सुविधा न हो शासन प्रशासन तथा पुलिस सभी लगे हुए हैं। गाजियाबाद नगर निगम महापौर सुनीता दयाल तथा नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के कुशल नेतृत्व में व्यवस्थाओं को बनाने के लिए जुट गया है। कांवड़ शिविर में भी बेहतर व्यवस्थाओं की योजना बनाई जा रही है। सांई मंदिर ट्रस्ट गाजियाबाद नगर निगम की ओर से मयूर गिरधर, चोब सिंह, विनोद त्यागी, विशाल गौरव उपस्थित रहे।

# 2027 में 2007 के फार्मूले पर चुनाव लड़ेगी बसपा, ब्राह्मण समाज को ज्यादा टिकट देगी

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** 2027 विधानसभा चुनाव को लेकर बसपा अपनी रणनीति में बदलाव कर रही है। एक और जहां पार्टी के सभी छोटे बड़े पदाधिकारी को बूथ और सेक्टर लेवल पर काम करने के निर्देश दिए गए हैं तो वहीं पार्टी ने एक बार फिर से भाईचारा कमेटी को जिला स्तर पर गठित करने के निर्देश दिए हैं। इसके लिए पार्टी के शीर्ष नेतृत्व की ओर से सभी जिला एवं महानगर कमेटियों को निर्देश दिए गए की एक बार फिर से भाईचारा कमेटियो का गठन कर समाज के विभिन्न लोगों को पार्टी के साथ जोड़ा जाए। पार्टी सूत्रों के अनुसार पहले चरण में अनुसूचित जाति जनजाति एवं ओबीसी समाज के लोगों के साथ भाईचारा सम्मेलनों का आयोजन किया जाएगा इसके बाद कमेटियों का गठन किया जाएगा। यह प्रक्रिया सितंबर अक्टूबर महीने से शुरू होगी। अक्टूबर के बाद से जिला स्तर पर गठित होने वाली भाईचारा कमेटियों के बाद विधानसभा स्तर पर भी कमेटियों का गठन किया जाएगा। बसपा सूत्रों का कहना है कि जिस तरह 2008 में भाईचारा कमेटियों में सभी जातियों को शामिल किया गया था इस तरह इस बार भी कमेटियों का गठन किया जाएगा। 2017 के बाद भाईचारा कमेटियों भंग कर दिया गया। दरअसल दरअसल बसपा की कोशिश होगी कि जिस तरह ब्राह्मण समाज और अन्य समाज के सहयोग से उत्तर प्रदेश में सरकार गठित किया गया था 2027 में भी ब्राह्मण समाज और अन्य समाजों को अधिक प्रतिनिधित्व देकर एक बार फिर सत्ता हासिल की जा सके। 2007 के विधानसभा चुनाव में मायावती ने ब्राह्मणों को सबसे ज्यादा टिकट दिया था सबसे ज्यादा संख्या में ब्राह्मण बसपा से चुनकर आए थे जिस कारण बसपा की सरकार बन गए बनी थी। मायावती की कोशिश है कि इस बार भी ब्राह्मण समाज के साथ अन्य समाजों को भी बसपा के साथ जोड़ा जाए ताकि बसपा के पक्ष में राजनीतिक समीकरण बन सके। प्रदेश के करीब 120 विधानसभा सिम ऐसी है जहां ब्राह्मण मतदाता अहम भूमिका निभाते हैं इनमें ज्यादातर सीटें पूर्वांचल, मध्यांचल और बुंदेलखंड की है। यही कारण है कि मायावती ने एक बार फिर से भाईचारा कमेटियों के गठन पर जोर दिया है। बसपा सूत्रों के अनुसार भाईचारा कमेटियों के गठन के बाद बसपा की ओर से ब्राह्मण सम्मेलनों का भी आयोजन किया जाएगा। बसपा ने अभी से ब्राह्मणों को अपनी ओर से अपनी और करने की कोशिश शुरू कर दी है। सूत्रों के अनुसार बसपा के राष्ट्रीय महासचिव सतीश मिश्रा ने इस दिशा में कई जिलों के ब्राह्मण समाज में प्रभुत्व रखने वाले लोगों से मुलाकात की है।




बसपा सूत्रों का कहना है कि 2007 से 2012 तक के शासन काल में ब्राह्मण एवं अन्य समाज के विधायकों को सरकार निगम एवं बोर्डो महत्वपूर्ण पदों पर जिम्मेदारी दी गई थी। चुनाव से पहले बसपा की ओर से सर्व समाज को इस तरह का संदेश देने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी ताकि अन्य समाज को बसपा के साथ जोड़ा जा सके।

# कांवड़ यात्रा में व्यवधान रोकने के लिए हरिद्वार से आएगा जल
## कांवड़ खंडित होने पर कमिश्नरेट पुलिस चौकी-थानों पर देगी गंगाजल

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** कांवड़ यात्रा को लेकर पुलिस तमाम तरीके की तैयारी कर रही है। तो वहीं जानकारी मिली है कि जल्द पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद की पुलिस लाइन से पुलिस के वानों और पुलिस कर्मियों को हरिद्वार के लिए रवाना किया जाएगा। वहां से लगभग 1000 लीटर गंगाजल लेकर पुलिसकर्मी गाजियाबाद आएंगे ताकि कांवड़ यात्रा के दौरान किसी भी कांवड़िया को परेशानी होने या कांवड़ खंडित होने की सूरत में गाजियाबाद पुलिस उन्हें गंगाजल उपलब्ध कराए। इसके लिए कांवड़ मार्ग पर आने वाले सभी थानों और चौकियों पर गंगाजल की व्यवस्था की जाएगी। बता दें कि पिछले साल भी गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम में 1000 गंगाजल हरिद्वार से लाया गया था, जो अलग-अलग थानों और चौकी पर उपलब्ध कराया गया था।

### जल्द गाजियाबाद पुलिस हरिद्वार से लाएगी 1000 लीटर गंगाजल



### 12 जुलाई तक लाना है हरिद्वार से गंगाजल

**करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के सूत्रों से जानकारी मिली है कि 12 जुलाई से पहले पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में लगभग 1000 लीटर गंगा जल लेकर पुलिसकर्मी हरिद्वार से लौटेंगे। इस गंगाजल को फिर कमिश्नरेट के अंतर्गत आने वाले सभी थानों और चौकियों में उपलब्ध कराया जाएगा ताकि किसी भी कांवड़िए को इसकी आवश्यकता पड़ने पर उपलब्ध कराया जा सके, यह प्रक्रिया हर साल पुलिस करती है।

### लाइन से हरी झंडी दिखाकर रवाना की जाएगी पुलिस टीम

**करंट क्राइम :** हरिद्वार से गंगाजल लाने के लिए पुलिस टीम को पुलिस लाइन गाजियाबाद से रवाना किया जाएगा। इस दौरान पुलिस के अधिकारी यहां से गंगाजल लाने वाली टीम को हरी झंडी देकर रवाना करेंगे। फिर वहां से जब जल लेकर आएंगे तो डीसीपी लाइन, एसीपी और कांवड़ नोडल प्रभारी सभी थानों और चौकियों में इसे पहुंचवाने का प्रबंध भी करवाएंगे।

हर साल की भांति इस वर्ष भी पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद कांवड़ यात्रा के लिए लगभग 1000 लीटर गंगाजल हरिद्वार से मंगवाएगी। जिसे जल्द ही सभी थानों और चौकिया में उपलब्ध कराया जाएगा।

जे रविन्दर गौड, कमिश्नर
गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट



## संपादकीय

# रोजगार को गति

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने रोजगार से जुड़ी प्रोत्साहन (ईएलआई) योजना को मंजूरी दे दी। इसकी घोषणा वित्त वर्ष 2024-25 के केंद्रीय बजट में की गई थी। यह योजना इस बात की स्वीकारोक्ति है कि भारत की आर्थिक वृद्धि को उपयोगी रोजगार अवसरों के रूप में प्रतिफलित होना चाहिए। सावधिक श्रम शक्ति सर्वे के ताजा मासिक बुलेटिन के अनुसार श्रम शक्ति में महिलाओं की भागीदारी 33.2 फीसदी रही जो वैश्विक औसत से काफी कम है। युवाओं (15-29 वर्ष) की बेरोजगारी की दर 15 फीसदी थी। यह 5.6 फीसदी की कुल बेरोजगारी दर की तुलना में काफी अधिक है। इसके अलावा अधिकांश लोग असंगठित क्षेत्र में कम वेतन वाले काम कर रहे हैं।

ईएलआई योजना का लक्ष्य औपचारिक रोजगार में सुधार करना है और इसके दो हिस्से हैं। पहला हिस्सा कर्मचारी भविष्य निधि संगठन में पहली बार पंजीकृत होने वाले कर्मचारियों के भविष्य निधि फंड (पीएफ) में 15,000 रुपये का एकबारगी भुगतान करने से संबंधित है। अधिकतम एक लाख रुपये तक के वेतन वाले कर्मचारी इसके पात्र होंगे और उनके खाते में यह राशि दो किस्तों में डाली जाएगी। उम्मीद है कि इस योजना से पहली बार नौकरी पाने वाले 1.92 करोड़ लोगों को लाभ होगा और कर्मचारियों में बचत की प्रवृत्ति भी पैदा होगी। दूसरा हिस्सा नियोक्ताओं को वित्तीय मदद मुहैया कराने से संबंधित है जिसके तहत हर नए तैयार होने वाले रोजगार की लागत का कुछ बोझ साझा किया जाएगा। सरकार नियोक्ताओं को हर नए कर्मचारी के लिए दो साल तक प्रति माह 3,000 रुपये तक की प्रोत्साहन राशि देगी। विनिर्माण के क्षेत्र में इसे चौथे वर्ष तक बढ़ाया जाएगा। औपचारिक रोजगार तैयार करने के लिए निजी कंपनियों को प्रोत्साहित करने से लगभग 2.6 करोड़ लोगों के लिए अतिरिक्त रोजगार तैयार होने की उम्मीद है। कुल 99,446 करोड़ रुपये के परिव्यय के साथ इस योजना के जरिये दो साल में देश में करीब 3.5 करोड़ रोजगार तैयार होने की उम्मीद है। यह योजना विनिर्माण क्षेत्र पर केंद्रित है और जिससे पता चलता है कि यह केंद्र सरकार की रोजगार रणनीति के लिए कितनी अहम है। उम्मीद है कि ईएलआई जैसी लक्षित योजनाओं की मदद से विनिर्माण क्षेत्र बड़ी संख्या में कम कौशल वाले श्रमिकों को शामिल करेगा और उन्हें औपचारिक व्यवस्था में लाएगा। परंतु केवल इतना करने से बड़े पैमाने पर गुणवत्तापूर्ण रोजगार तैयार करने में देश की गहरी ढांचागत चुनौती को दूर करने में मदद नहीं मिलेगी।

# 'अमेरिका के टैरिफ के खिलाफ डब्ल्यूटीओ में भारत ने जवाबी शुल्क लगाने का अधिकार सुरक्षित रखा'

**नई दिल्ली।** भारत का विश्व व्यापार संगठन में उठाया गया कदम एक कानूनी प्रक्रिया है और इसका अमेरिका के साथ व्यापार समझौते पर कोई नकारात्मक असर नहीं पड़ेगा। हालांकि, ट्रंप की नई टैरिफ रणनीति और 9 जुलाई की डेडलाइन के चलते हालात जटिल जरूर हो सकते हैं।

अमेरिका की तरफ से भारतीय ऑटो पार्ट्स पर टैरिफ लगाने के खिलाफ भारत ने विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) में जवाबी शुल्क लगाने का अधिकार सुरक्षित रखा है। लेकिन एक सरकारी अधिकारी ने साफ किया है कि यह एक प्रक्रिया से जुड़ा कदम है और इसका भारत-अमेरिका व्यापार समझौते (बीटीए) पर कोई असर नहीं पड़ेगा। क्या है मामला भारत ने विश्व व्यापार संगठन के तहत अमेरिका पर जवाबी शुल्क लगाने का प्रस्ताव रखा है। अमेरिका ने 26 मार्च



2025 को 'सेफगार्ड उपायों' के तहत भारत सहित कई देशों से आने वाले ऑटोमोबाइल और ऑटो पार्ट्स पर 25% टैरिफ लगा दिया था।

इसे भारत ने डब्ल्यूटीओ के सेफगार्ड समझौते के तहत चुनौती दी थी। भारत ने पहले अमेरिका से इस मुद्दे पर बातचीत की थी, और अब 30 दिन की बातचीत की समयसीमा पूरी होने के बाद, भारत ने विश्व व्यापार संगठन को सूचित किया है कि वह अमेरिका के कुछ उत्पादों पर टैरिफ बढ़ाने का अधिकार सुरक्षित रखता है। क्या होगा असर इस नोटिफिकेशन का मतलब यह नहीं है कि भारत और अमेरिका के बीच चल रही व्यापार समझौता वाताएं रुक जाएंगी। अधिकारी ने कहा कि यह डब्ल्यूटीओ प्रक्रिया का हिस्सा है और इससे भारत-अमेरिका द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) पर कोई असर नहीं पड़ेगा।

### ट्रंप की नई टैरिफ चेतावनी

इसी बीच, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शुक्रवार को कहा कि उन्होंने 10-12 देशों को नए टैरिफ लगाने की सूचना देने के लिए पत्र साइन कर दिए हैं, जिन्हें सोमवार को भेजा जाएगा। यह भारत-अमेरिका वार्ता के बीच नई चुनौती बन सकती है।

### 9 जुलाई की डेडलाइन के पहले अनिश्चितता

भारत और अमेरिका 9 जुलाई से पहले एक अंतरिम व्यापार समझौता करने की कोशिश कर रहे हैं, क्योंकि यह ट्रंप की तरफ से लगाए गए टैरिफ पर 90 दिनों की अस्थायी छूट की अंतिम तारीख है। हालांकि, सूत्रों के मुताबिक यह समझौता तय समय से पहले हो पाएगा या नहीं, इसे लेकर स्थिति स्पष्ट नहीं है।

# जून में अनाज सस्ते, पर दूध-तेल की महंगाई ने बढ़ाया बोझ, वैश्विक खाद्य कीमतों में हलचल



**नई दिल्ली।** जून 2025 में वैश्विक खाद्य महंगाई को लेकर एक मिश्रित तस्वीर सामने आई है। संयुक्त राष्ट्र की खाद्य एवं कृषि संगठन (एफएओ) की ताजा रिपोर्ट के मुताबिक जहां अनाज और चीनी जैसी बुनियादी चीजों के दामों में गिरावट से उपभोक्ताओं को थोड़ी राहत मिली है, वहीं दूध, वनस्पति तेल और मांस जैसे जरूरी उत्पादों की बढ़ती कीमतों ने थाली को महंगा कर दिया है। इस बीच वैश्विक स्तर पर अनाज उत्पादन रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचने की उम्मीद जगी है, लेकिन गर्मी और सूखे जैसे जलवायु जोखिमों ने भविष्य को लेकर चिंताएं गहरा दी हैं। एफएओ के फूड प्राइस इंडेक्स के अनुसार जून में खाद्य कीमतों में कुल मिलाकर 0.5% की बढ़त दर्ज की गई, जिससे सूचकांक 128 अंकों पर पहुंच गया। यह वृद्धि भले मामूली हो, लेकिन मार्च 2022 के शिखर से यह अभी भी 20.1% नीचे है। जून में जहां अनाज और चीनी के दाम गिरे वहीं डेयरी, मांस और तेल की महंगाई ने महंगाई को ऊपर की ओर खींचा।

### तेल की महंगाई ने ऊपर खींचा सूचकांक

जून में वनस्पति तेल मूल्य सूचकांक 2.3% चढ़कर 155.7 अंक पर पहुंच गया। पाम, सोया और रेपसीड तेल की कीमतों में तेजी आई, जबकि सूरजमुखी तेल सस्ता हुआ। पाम तेल की कीमत में लगभग 5% की वृद्धि हुई, क्योंकि वैश्विक मांग तेज रही। वहीं, सोया तेल की कीमतें अमेरिका और ब्राजील में बायोफ्यूल मांग के चलते बढ़ीं। रेपसीड तेल की कीमतें भी वैश्विक आपूर्ति की चिंता के कारण बढ़ीं।

### दूध और मक्खन फिर महंगे, एशिया से बढ़ी मांग

डेयरी मूल्य सूचकांक में जून में 0.5% की वृद्धि हुई और यह 154.4 अंक पर पहुंच गया। मक्खन की कीमतों में 2.8% की छलांग के साथ यह 225 अंकों के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई। इस तेजी के पीछे ओशिनिया और यूरोपीय देशों में उत्पादन में कमी और पश्चिम एशिया से मांग में वृद्धि रही।

# आय समानता मामले में भारत का नया कीर्तिमान, अत्यधिक गरीबी भी घटी

## 17.1 करोड़ भारतीय इससे बाहर निकले

**नई दिल्ली।** वर्ल्ड बैंक की रिपोर्ट के अनुसार भारत 25.5 के गिनी स्कोर के साथ आय समानता में विश्व स्तर पर चौथे स्थान पर पहुंच गया है। इस मानक के अनुसार भारत ने चीन (35.7), अमेरिका (41.8) सहित सभी जी7



और जी 20 देशों को पीछे छोड़ दिया है। वर्ल्ड बैंक की स्प्रिंग 2025 गरीबी और समानता ब्रीफ के अनुसार 2011 से 2023 के बीच 171 मिलियन (17.1 करोड़) भारतीयों को अत्यधिक गरीबी से बाहर निकाला गया। समानता के पैमाने पर भारत ने एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। देश का गिनी सूचकांक 25.5 पर पहुंच गया है। स्लोवाक गणराज्य, स्लोवेनिया और बेलारूस के बाद भारत समानता के मामले में चौथे स्थान पर आ गया है। गिनी इंडेक्स का मतलब यह है कि किसी देश में आय, संपत्ति या उपभोग किस तरह से घरों या व्यक्तियों में समान रूप से वितरित किया जाता है। इस मामले में भारत ने चीन और अमेरिका जैसे देशों को पीछे छोड़ दिया है।

भारत के लिए उपलब्धि सरकार का कहना है कि यह भारत के लिए एक उल्लेखनीय उपलब्धि है। यह दशार्ता है कि आर्थिक प्रगति किस प्रकार देश की जनसंख्या में समान रूप से साझा की जा रही है।

## रोचक तथ्यों का करंट

- संसद के एक अधिनियम द्वारा ब्रिटिश संग्रहालय स्थापित किया गया।
- ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कंपनी ने बंगाल के नवाब मीर कसीम के पद छोड़ने की घोषणा की।
- थॉमस मान के उपन्यास में जोहान बडेब्रुक की फर्म स्थापित हुई।
- लार्गा की लड़ाई में ओटोमन साम्राज्य और रूसी साम्राज्य हुआ। यह लड़ाई लारगा नदी के तट पर हुई थी। इस लड़ाई के परिणामस्वरूप रूसी सेना की निर्णायक जीत हुई।
- अमेरिकी रिवोल्यूशनरी वॉर-ब्रिटिश सेनाओं ने टिकरनडोगा से वापसी करने वालेअमेरिकन सैनिकों को पकड़ लिया और 200 से अधिक लोगों को पकड़ लिया।
- क्वासी-युद्ध, एक अघोषित युद्ध जो पूरी तरह से समुद्र में लड़ा गया था, उसके बाद संयुक्त राज्य अमेरिका ने फ्रांस के साथ अपनी संधियों को रद्द कर दिया था।
- न्यू यॉर्क सिटी में, उन्मूलनवादियों के खिलाफ दंगों की चार रातें, अफवाहों द्वारा भड़काती हैं कि वे दुराचार को प्रोत्साहित कर रहे थे।

# जीरोधा के सीईओ बोले : जेन स्ट्रीट जैसी दिग्गज कंपनियां पीछे हटीं तो खुदरा व्यापार हो सकता है प्रभावित

**नई दिल्ली।** जीरोधा के संस्थापक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) नितिन कामथ ने आगाह किया है। उन्होंने कहा है कि अगर जेन स्ट्रीट जैसी स्वामित्व वाली ट्रेडिंग कंपनियां, जो विकल्प कारोबार में करीब 50 प्रतिशत का योगदान देती हैं। ऐसे में ये अगर बाजार में अपनी भागीदारी कम कर देती हैं तो खुदरा कारोबार की गतिविधि प्रभावित हो सकती है। उन्होंने कहा कि इस घटनाक्रम से एक्सचेंजों और ब्रोकरों दोनों पर नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है। कामथ ने एक्स पर कहा, जेन स्ट्रीट जैसी प्रॉप ट्रेडिंग फर्म ऑप्शन ट्रेडिंग वॉल्यूम का लगभग 50% हिस्सा हैं। यदि वे पीछे हटते हैं- जो कि संभावित है- तो खुदरा गतिविधि (प्त 35%) भी प्रभावित हो सकती है। इसलिए यह एक्सचेंजों और ब्रोकर्स दोनों के लिए बुरी खबर हो सकती है उन्होंने कहा, हम अगले कुछ दिन इसका खुलासा करेंगे। एफएंडओ वॉल्यूम से पता चल सकता है कि हम इन प्रॉप दिग्गजों पर कितने निर्भर हैं। शुक्रवार की सुबह जारी आदेश में बाजार नियामक ने न्यूयॉर्क स्थित हेज फंड जेन स्ट्रीट (जेएस) को नकदी और वायदा एवं विकल्प बाजार में एक साथ दांव



लगाकर अच्छा मुनाफा कमाने के लिए सूचकांकों में हेरफेर करने का दोषी पाया। इसने हेज फंड को बाजार तक पहुंचने से रोक दिया है और 4,843 करोड़ रुपये से अधिक का लाभ जब्त कर लिया है। जांच में पाया गया है कि जनवरी 2023 से मई 2025 तक की जांच अवधि के दौरान जेएस ने शुद्ध आधार पर 36,671 करोड़ रुपये का लाभ कमाया।

## राशिफल

**मेष :** मानसिक और नैतिक शिक्षा के साथ-साथ शारीरिक शिक्षा भी लें, तभी सर्वांगीण विकास संभव है। याद रखें कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ दिमाग का वास होता है।

**वृष :** आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहेगा। आज आपके सामने आने वाली चुनौतियों को शांत मन से सुलझाने का प्रयास करेंगे।

**मिथुन :** चतुर आर्थिक योजनाओं में फंसने से बचें, निवेश में बेहद सावधानी बरतें। दूर रहने वाला कोई रिश्तेदार आज आपसे संपर्क कर सकता है।

**कर्क :** आज का दिन उत्तम रहेगा। पुराने रुके हुए काम पूरे होंगे, साथ ही नया काम शुरू करने के लिए आज का दिन बहुत अच्छा है।

**सिंह :** तंग आर्थिक स्थिति के कारण कोई महत्वपूर्ण कार्य बीच में अटक सकता है। गोपनीय जानकारी अपने जीवन साथी के साथ साझा करने से पहले अच्छी तरह सोच लें।

**कन्या :** आज का दिन आपके लिए अच्छा है। आज कोई करीबी आपके जीवन साथी के प्रति आपके विचारों को विचलित कर सकता है।

**तुला :** रोमांचक गतिविधियों में शामिल हों और आपको आराम दें। आप अपने आप को रोमांचक नई परिस्थितियों में पाएंगे जो आपको वित्तीय लाभ दिलाएगा।

**वृश्चिक :** आज आपको करियर से जुड़ी कोई अच्छी खबर मिल सकती है। हालांकि आज अधिक काम के कारण थोड़ी थकान रहेगी।

**धनु :** ज्यादातर चीजें आपके मन मुताबिक होंगी। खर्चों में वृद्धि होगी, लेकिन साथ ही आय में वृद्धि से संतुलन बनेगा। लोगों के प्रति दयालु रहें।

**मकर :** आज भाग्य आपका साथ देगा। सफलता अवश्य मिलेगी। अगर आप इलेक्ट्रॉनिक सामान खरीदने की सोच रहे हैं तो आज का दिन शुभ है।

**कुंभ :** मनोरंजन और सुंदरता में वृद्धि के लिए आवश्यक समय से अधिक खर्च न करें। अपने सामाजिक जीवन की उपेक्षा न करें।

**मीन :** आज का दिन आपके लिए अच्छा रहेगा। छात्रों के लिए भी आज का दिन अच्छा है। प्रोजेक्ट बनाने की समस्या आज किसी मित्र की मदद से सुलझ जाएगी।

## चुटकुले

एक बुजुर्ग ऑपरेशन टेवल पर लेटे थे
बडा ओपरेशन होने वाला था और ऑपरेशन उनका दामाद करने वाला था
जब डॉक्टर दामाद आया तो उन्होंने बडे प्यार से कहा
बेटे में जानता हूँ कि तुम मुझे कुछ नहीं होने दोगे
अगर कुछ अनहोनी हो गयी तो तुम्हारी सास तुम्हारे साथ ही रहेगी
फिर
ऑपरेशन सफल रहा।

---

पप्पू- तुम ऑपरेशन कराये बिना ही अस्पताल से क्यों भाग आये??
चिंटू- नर्स बार-बार कह रही थी कि डरो मत, हिम्मत रखो, कुछ नहीं होगा, ये तो बस एक छोटा सा ऑपरेशन है।
पप्पू- तो इस में डरने वाली कौन सी बात है, सही ती कह रही थी नर्स
चिंटू- अबे, वो मुझ से नहीं डाक्टर से कह रही थी




प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी
संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

दैनिक करंट क्राइम
समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।
संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

# नीरज चोपड़ा के नाम एनसी क्लासिक का खिताब

# 86.18 मीटर थ्रो के साथ जीता स्वर्ण



**नई दिल्ली।** भारत के भाला फेंक चैंपियन नीरज चोपड़ा ने एक और ऐतिहासिक उपलब्धि अपने नाम की। श्री कांतीरवा स्टेडियम, बेंगलुरु में आयोजित पहले नीरज चोपड़ा क्लासिक 2025 टूनामेंट में उन्होंने न केवल भारत का प्रतिनिधित्व किया, बल्कि 86.18 मीटर के सर्वश्रेष्ठ थ्रो के साथ इस प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता का पहला संस्करण जीत लिया।

नीरज ने इस टूनामेंट में 11 अन्य प्रतिस्पर्धियों को पीछे छोड़ा। उनका मुकाबला अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों से था, जिसमें केन्या के जूलियस येगो ने 84.51 मीटर के थ्रो के साथ दूसरा स्थान और श्रीलंका के रुमेश पथिरगे ने 84.34 मीटर के थ्रो के साथ तीसरा स्थान हासिल किया।

नीरज की शुरूआत भले ही फाउल थ्रो से हुई, लेकिन उन्होंने दूसरे प्रयास में 82.99 मीटर फेंकते हुए बढ़त बनाई और तीसरे प्रयास में 86.18 मीटर का निर्णायक थ्रो करते हुए दर्शकों में उत्साह की लहर दौड़ा दी। बाकी प्रयासों में उन्होंने क्रमशः फाउल, 84.07 मीटर और 82.22 मीटर थ्रो किया।

ओलंपिक स्वर्ण विजेता नीरज चोपड़ा ने जीत के बाद कहा, यह मेरे लिए बेहद खास पल है। हवा का रुख विपरीत था, जिससे थ्रो की दूरी कुछ कम रही, लेकिन बेंगलुरु की भीड़ और मेरे परिवार की मौजूदगी ने इसे यादगार बना दिया।

उन्होंने आगे कहा, इस टूनामेंट को और बड़ा बनाने के लिए हम भविष्य में और भी स्पर्धाएं जोड़ने की योजना बना रहे हैं।

नीरज ने इस ऐतिहासिक आयोजन को खरह स्पोर्ट्स, भारतीय एथलेटिक्स फेडरेशन और वर्ल्ड एथलेटिक्स के सहयोग से आयोजित किया। यह पहली बार है जब भारत में गोल्ड लेवल जैवलिन थ्रो टूनामेंट का आयोजन किया गया, जिसमें कुल 12 खिलाड़ियों ने भाग लिया।

# अंतरराज्यीय टप्पेबाज को पुलिस ने किया गिरफ्तार, 10 लाख की ज्वेलरी बरामद



**नोएडा (करंट क्राइम)।** फेस-3 पुलिस ने एक अंतरराज्यीय टप्पेबाज को मुठभेड़ में पकड़ा है। पुलिस ने आरोपी के पास से 10 लाख रुपए की ज्वैलरी बरामद की है। पुलिस सेक्टर 61 कट पर चेकिंग कर रही थी। इस दौरान एक बाइक सवार को रुकने का इशारा किया।

आरोपी ने भागने की कोशिश की। पुलिस ने पीछा किया। आरोपी ने पुलिस पर फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने भी गोली चलाई। इसमें आरोपी के पैर में गोली लग गई। घायल बदमाश की पहचान शिवा उर्फ शिव कुमार उर्फ लखविंदर बावरिया के रूप में हुई है। वह पंजाब के लुधियाना का रहने वाला है। फिलहाल दिल्ली के कृष्णा गंज में रहता है।

पुलिस ने उसके पास से एक तमंचा, दो जिंदा कारतूस और एक खोखा कारतूस बरामद किया है। एक चोरी की स्प्लेंडर बाइक भी मिली है। पूछताछ में पता चला कि आरोपी दिल्ली-एनसीआर के अलावा गोवा, जयपुर, हरिद्वार, मनाली और मसूरी में भी वारदात करता था। वह हवाई जहाज से यात्रा करता था। पांच सितारा होटलों में रुकता था। चोरी के जेवर प्रतिष्ठित ज्वैलर्स को बेच देता था।

पुलिस आरोपी के अन्य अपराधों की जानकारी जुटा रही है।

# साक्षी ने विश्व मुक्केबाजी कप में किया शानदार प्रदर्शन, 54 किग्रा वर्ग में जीता स्वर्ण पदक



**नई दिल्ली।** भारत की मुक्केबाज साक्षी ने दूसरे विश्व मुक्केबाजी कप में शानदार प्रदर्शन करते हुए महिलाओं के 54 किग्रा वर्ग में स्वर्ण पदक जीता। दो बार की युवा विश्व चैंपियन साक्षी ने रविवार को फाइनल में आक्रामक खेल का प्रदर्शन किया और अमेरिका की योसलाइन पेरेज को सर्वसम्मत फैसले में हराया। इस तरह साक्षी ने इस टूनामेंट को भारत को पहला स्वर्ण दिलाया।

भारतीय दल ने विश्व मुक्केबाजी कप में अच्छा प्रदर्शन किया है और कुल 11 पदक पक्के किए हैं। भारत ने ब्राजील में पहले चरण में एक स्वर्ण और एक रजत सहित छह पदक जीते थे। पहले सत्र में चार भारतीय मुक्केबाजों ने हिस्सा लिया और साक्षी ने गति और सटीक पंच के संयोजन के साथ शानदार प्रदर्शन करते हुए पोडियम पर शीर्ष स्थान हासिल किया।

इससे पहले मीनाक्षी ने 48 किग्रा वर्ग के फाइनल में स्थानीय दावेदार नाजिम काइजाइबे को कड़ी चुनौती दी लेकिन 2-3 के खंडित फैसले से हार गईं। जुगनू (पुरुष 85 किग्रा) और पूजा रानी (महिला 80 किग्रा) को भी अपने-अपने फाइनल में हारने के बाद रजत पदक से संतोष करना पड़ा। जुगनू को कजाकिस्तान के बेकजाद नूरदौलेटोव के खिलाफ 0-5 से हार का सामना करना पड़ा जबकि पूजा को आस्ट्रेलिया की एसिटा फ्लिंट के खिलाफ इसी अंतर से शिकस्त मिली।

## दीपिका का यह गोल मैजिक स्किल अवॉर्ड के लिए नामांकित, नीदरलैंड के खिलाफ किया था कमाल



**नई दिल्ली।** भारतीय महिला हॉकी टीम की फॉरवर्ड दीपिका को 2024-25 एफआईएच हॉकी प्रो लीग सत्र के दौरान दुनिया की नंबर एक टीम नीदरलैंड के खिलाफ किए गए मैदानी गोल के लिए पोलिग्रास मैजिक स्किल पुरस्कार के लिए नामित किया गया है। एफआईएच हॉकी प्रो लीग के 2024-25 सत्र के लिए पोलिग्रास मैजिक स्किल अवॉर्ड के लिए नामांकन शुक्रवार को जारी किए गए। विजेता का फैसला विश्व भर के हॉकी खेल प्रेमियों के मतदान के आधार पर किया जाएगा। मतदान करने की अंतिम तिथि भारतीय समयानुसार 14 जुलाई सुबह तीन बजकर 29 मिनट है।

इस पुरस्कार के लिए कुल तीन गोल को नामांकित किया गया है। दीपिका ने यह गोल फरवरी 2025 में प्रो लीग के भुवनेश्वर चरण के दौरान किया था। कलिंग स्टेडियम में खेला गया यह मैच निर्धारित समय में 2-2 से बराबर रहा था जिसके बाद भारत ने शूटआउट में नीदरलैंड को हराया।

भारतीय टीम जब दो गोल से पीछे चल रही थी तब दीपिका ने 35वें मिनट में यह अविश्वसनीय गोल किया। उन्होंने नीदरलैंड की रक्षा पंक्ति को भेदते हुए बायीं ओर से शानदार तरीके से ड्रिबल किया, बेसलाइन को छुआ और एक डिफेंडर की स्टिक के ऊपर से गेंद को आगे निकालकर गोलकीपर को छकाते हुए गेंद को नेट में पहुंचाया।

दीपिका ने कहा, 'नीदरलैंड के खिलाफ किया गया वह गोल मेरे करियर के सबसे खास पलों में से एक है। सब कुछ ठीक रहा और इससे हमें बराबरी करने और शूटआउट में मैच जीतने में मदद मिली।

# प्रेम नगर में कॉलोनी वासियों ने टावर लगाने का विरोध किया




**लोनी, करंट क्राइम।** लोनी बॉर्डर थाना क्षेत्र के प्रेम नगर में कॉलोनी वासियों ने एक टावर लगाए जाने का विरोध किया है। उप जिलाधिकारी लोनी को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। कॉलोनी के रहने वाले नीरज श्रीवास्तव ने बताया कि प्रेम नगर बेटहा हाजीपुर में एक अवैध टावर लगाया जा रहा है जिसका विरोध करते हुए हम सब कॉलोनी वासियों ने उप जिलाधिकारी लोनी को शिकायत की पत्र देकर टावर रोकने की मांग की है। कॉलोनी वासियों ने बताया कि एक दबंग व्यक्ति अपने निजी स्वास्थ्य के लिए अपने प्लांट में टावर लगवा रहा है। टावर से निकलने वाले रेडियस से हमारे यहां के बड़े बूढ़े और बच्चे बीमार हो जाएंगे। वह अनेक प्रकार की बीमारियों से बचने के लिए हम सब इसका विरोध कर रहे हैं। उप जिलाधिकारी ने कार्रवाई का आश्वासन दिया है। ज्ञापन देने वालों में उमाशंकर पांडे, पवन घनश्याम, पूजा सीताराम, सचिन, आरती, ओम कुमारी, हरेंद्र शर्मा, राजू शर्मा, पंकज, विनोद, पूनम, राम लखन, बिंदु, सीता देवी, शिव कुमार, सीमा, संत कुमार, प्रमोद कुमार, रूपवती आदि कॉफी संख्या में मौजूद रहे।

# 'आप इसके हकदार हैं', किंग कोहली ने 'प्रिंस' को इंग्लैंड में इतिहास रचने पर दी बधाई





**नई दिल्ली।** कप्तान शुभमन गिल (161 रन) के दूसरे शतक की बदौलत भारत ने शनिवार को एजबेस्टन में जारी दूसरे टेस्ट के चौथे दिन अपनी दूसरी पारी छह विकेट पर 427 रन बनाकर घोषित की और इंग्लैंड को जीत के लिए 608 रन का अंसभव लक्ष्य दिया। पांचवें दिन इंग्लैंड के बल्लेबाज मुश्किल में होंगे क्योंकि टीम ने दूसरी पारी में स्टंप तक 72 रन तक तीन विकेट गंवा दिए जिसमें दो विकेट आकाश दीप और एक विकेट मोहम्मद सिराज ने झटका। प्रिंस के नाम से मशहूर गिल ने एजबेस्टन टेस्ट की पहली पारी में दोहरा शतक लगाया था। उन्होंने लगातार दो पारियों में दो शतक जड़कर अपना नाम इतिहास के पन्नों में दर्ज करा लिया। इसके बाद क्रिकेट के किंग कहे जाने वाले विराट कोहली ने इंस्टाग्राम स्टोरी में गिल की तारीफ की है। कोहली ने लिखा, 'क्या खूब खेला है स्टार बॉय। आप फिर से इतिहास लिख रहे हैं। यहां से सिर्फ आप ऊपर की तरफ जाएंगे और आगे बढ़ेंगे। आप इस सब के हकदार हैं।'

गिल ने चार पारियों में तीसरा शतक जड़कर रन बनाने का सिलसिला जारी रखा। उन्होंने पहली पारी में 269 रन बनाए थे। उनके अलावा दूसरी पारी में रवींद्र जडेजा (नाबाद 69), ऋषभ पंत (65) और केएल राहुल (55) ने अर्धशतक जड़कर योगदान दिया।

# जोकोविच की खास उपलब्धि विंबलडन में 100 जीत दर्ज करने वाले तीसरे खिलाड़ी बने



**विंबलडन टेनिस टूर्नामेंट।** नोवाक जोकोविच विंबलडन टेनिस टूर्नामेंट के इतिहास में 100 जीत दर्ज करने वाले दुनिया के तीसरे खिलाड़ी बन गए हैं। उन्होंने तीसरे दौर में सर्बिया के हम वतन खिलाड़ी मिओमिर केकमानोविच पर 6-3, 6-0, 6-4 से जीत के साथ यह उपलब्धि हासिल की। उनसे पहले मार्टिना नवरातिलोवा और रोजर फेडरर इस मुकाम पर पहुंचे थे।

जोकोविच ने अपने 24 ग्रैंड स्लैम खिताबों में से सात ऑल इंग्लैंड क्लब में जीते हैं। उन्होंने शनिवार को केकमानोविच के खिलाफ सेंटर कोर्ट पर पहले सेट में 3-3 के स्कोर से लगातार नौ गेम जीतकर आसानी से अगले दौर में प्रवेश किया। जोकोविच ने कोर्ट पर दिए साक्षात्कार में कहा, 'मैं अपने पसंदीदा टूनामेंट में जो भी इतिहास बनाऊंगा, उसके लिए मैं आभारी हूं।'

अपना 20वां विंबलडन टूनामेंट खेल रहे 38 वर्षीय जोकोविच का अगला मुकाबला 11वें नंबर के एलेक्स डी मिनाउर से होगा। महिला वर्ग में नौ बार विंबलडन एकल चैंपियन रहीं नवरातिलोवा ने 120 एकल जबकि पुरुष वर्ग में आठ बार के चैंपियन फेडरर ने 105 एकल मैच में जीत दर्ज कीं।

वहीं, युकी भांबरी विंबलडन में बचे रहने वाले एकमात्र भारतीय हैं। उन्होंने शनिवार को अपने अमेरिकी जोड़ीदार रॉबर्ट गैलोवे के साथ पुरुष युगल के तीसरे दौर में प्रवेश किया। 16वीं वरीयता प्राप्त भांबरी-गैलोवे की जोड़ी ने पुर्तगाल के नूनो बोर्गेस और मार्कोस गिरोन को डेढ़ घंटे में 6-3, 7-6 (8-6) से हराया। अब उनका सामना प्री क्वार्टर फाइनल में स्पेन के मासेलो ग्रैनोलर्स और अर्जेंटीना के होरासियो जेबेलोस से होगा।

हालांकि, अन्य परिणाम भारत के पक्ष में नहीं गए क्योंकि एन श्रीराम बालाजी और ऋत्विक बोलिपल्ली अपने-अपने जोड़ीदारों के साथ बाहर हो गए। बालाजी और उनके मैक्सिकन जोड़ीदार मिगुएल रेयेस-वरेला ने पहले कोर्ट पर कदम रखा और चौथी वरीयता प्राप्त मार्सेल ग्रैनोलर्स और होरासियो जेबालोस के खिलाफ कड़ी टक्कर दी, लेकिन दूसरे दौर में स्पेनिश-अर्जेंटीना की जोड़ी से एक घंटे और 20 मिनट में 4-6, 4-6 से हार गए।

बोलीपल्ली और उनके कोलंबियाई जोड़ीदार निकोलस बैरिएंटोस ने भी छठी वरीयता प्राप्त ब्रिटिश जोड़ी जो सैलिसबरी और नील स्कूप्स्की के खिलाफ कड़ी टक्कर दी, लेकिन दूसरे दौर में एक घंटे और 47 मिनट में 4-6, 6-7 (9) से हार गए। रोहन बोपन्ना पहले दौर में हार के साथ प्रतियोगिता से बाहर हो गए थे। इस बीच, लड़कों के एकल में, कृष त्यागी चेक गणराज्य के जान कुमस्टैट के खिलाफ 3-6, 3-6 से हारकर पहले दौर से बाहर हो गए।

## बायर्न के जमाल मुसियाला को लगी गंभीर चोट

# पीएसजी जीत के साथ सेमीफाइनल में, मैड्रिड से होगा सामना



**यूरोप।** यूरोप के दो चोटी के क्लब रियल मैड्रिड और पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) क्लब विश्व कप फुटबॉल टूनामेंट के सेमीफाइनल में आमने-सामने होंगे। रियल मैड्रिड ने शनिवार की रात को खेले गए मैच में किलियन एमबाप्पे के दूसरे हाफ के इंजरी टाइम में बाइसिकल किक से किए गए शानदार गोल की मदद से बोरूसिया डॉर्टमंड को 3-2 से हराया। वहीं, एक अन्य क्वार्टर फाइनल मैच में पीएसजी ने बायर्न म्यूनिख को 2-0 से हराया।

पीएसजी की तरफ से डिजायर डोउ और ओसमाने डेम्बले ने गोल किए। हालांकि, इस मैच में बायर्न के जमाल मुसियाला गंभीर रूप से चोटिल हो गए। पीएसजी के गोलकीपर डोनुरुम्मा से टकराने के बाद उनका टखना मुड़ गया। वह दर्द से कराहते दिखे और उन्हें स्ट्रेचर से बाहर ले जाना पड़ा। प्रतियोगिता के एक अन्य सेमीफाइनल में यूरोप के क्लब चेल्सी का ब्राजील के क्लब फ्लूमिनेंस से मुकाबला होगा।

गोंजालो गार्सिया और फ्रान गार्सिया ने पहले 20 मिनट में गोल करके मैड्रिड को 2-0 की बढ़त दिला दी। इससे मैड्रिड की जीत सुनिश्चित लग रही थी लेकिन दूसरे हाफ का इंजरी टाइम घटना प्रधान रहा जिसमें तीन गोल हुए। डॉर्टमंड के मैक्सिमिलियन बेयर ने इंजरी टाइम के तीसरे मिनट में गोल किया, लेकिन एमबाप्पे ने एक मिनट बाद बाइसिकल किक से खूबसूरत गोल किया जिससे मैड्रिड ने फिर से दो गोल की बढ़त हासिल कर ली। सेरहो गुइरासी ने इंजरी टाइम के आठवें मिनट में पेनल्टी किक को गोल में बदल दिया। डॉर्टमंड को डीन हुइजसेन के फाउल करने के कारण यह पेनल्टी मिली थी। रियल मैड्रिड के खिलाड़ी को रेड कार्ड मिला और वह सेमीफाइनल में नहीं खेल पाएंगे।

## महिलाओं की 5000 और 1500 मीटर दौड़ में नए विश्व रिकॉर्ड, चेबेट और फेथ ने हासिल की उपलब्धि



**कीनिया।** कीनिया की बीट्राइस चेबेट ने प्रीफॉन्टेन क्लासिक एथलेटिक्स प्रतियोगिता में महिलाओं की 5,000 मीटर दौड़ 13 मिनट 58.06 सेकंड में जीतकर विश्व रिकॉर्ड बनाया।

चेबेट इस स्पर्धा में 14 मिनट से कम समय निकालने वाली पहली महिला एथलीट बन गई है। उन्होंने इथियोपिया की गुडाफ त्सेगे द्वारा बनाए गए 14:00.21 के पिछले रिकॉर्ड को पीछे छोड़ा। त्सेगे ने 2023 प्रीफोंटेन क्लासिक में यह रिकॉर्ड बनाया था। कीनिया की ही फेथ किपयेगोन ने महिलाओं की 1,500 मीटर दौड़ तीन मिनट 48.68 सेकंड में पूरी कर विश्व रिकॉर्ड बनाया।

इस स्पर्धा में तीन बार की ओलंपिक चैंपियन किपयेगोन ने 3:49.04 के अपने ही रिकॉर्ड में सुधार किया जो उन्होंने पिछले साल जुलाई में पेरिस ओलंपिक खेलों के दौरान बनाया था।

# भारतीय महिला क्रिकेट टीम का लंदन के इंडिया हाउस में भव्य स्वागत



**दोरईस्वामी ने कहा, 'जब आप हमारी क्रिकेट टीम, हमारी हॉकी टीम या हमारी किसी भी खेल की टीम को देखेंगे तो पाएंगे कि यह भारत का सर्वश्रेष्ठ प्रतिनिधित्व करती हैं। ये सिर्फ हमारी बेहतरीन खिलाड़ी ही नहीं हैं, बल्कि ये वो लड़कियां हैं जो हमारे देश के हर कोने से भारत का प्रतिनिधित्व करती हैं।'**

**नई दिल्ली।** टी20 अंतरराष्ट्रीय और वनडे सीरीज खेलने के लिए इंग्लैंड के दौरे पर आई भारतीय महिला क्रिकेट टीम का यहां इंडिया हाउस में एक समारोह में भव्य स्वागत किया गया। हरमनप्रीत कौर की अगुवाई वाली भारतीय टीम और मुख्य कोच अमोल मजूमदार के नेतृत्व में सहयोगी स्टाफ शनिवार शाम को भारतीय उच्चायोग के प्रांगण में आयोजित समारोह में शामिल हुए। ब्रिटेन में भारतीय उच्चायुक्त विक्रम दोरईस्वामी ने उनका स्वागत किया।

इस अवसर पर दोरईस्वामी ने कहा, 'उन्होंने जो किया है, वह खेलों में क्रांति लाने वाला है और यह भारत में हर चीज में भागीदारी के विचार में क्रांतिकारी बदलाव है।' उन्होंने टीम को संबोधित करते हुए कहा, 'ऐसा कुछ भी नहीं है जिसके बारे में भारत की युवा महिलाएं सोचती हैं कि वे ऐसा नहीं कर सकती हैं, क्योंकि आप और क्रिकेट खिलाड़ियों की एक पुरानी पीढ़ी ने ऐसा किया है। आपके पास जादू है और आप मैदान पर जहां भी खेलती हैं, इसे हमारे साथ साझा करती हैं, जिसके लिए हम बहुत-बहुत आभारी हैं।'

दोरईस्वामी ने कहा, 'जब आप हमारी क्रिकेट टीम, हमारी हॉकी टीम या हमारी किसी भी खेल की टीम को देखेंगे तो पाएंगे कि यह भारत का सर्वश्रेष्ठ प्रतिनिधित्व करती हैं। ये सिर्फ.हमारी बेहतरीन खिलाड़ी ही नहीं हैं, बल्कि ये वो लड़कियां हैं जो हमारे देश के हर कोने से भारत का प्रतिनिधित्व करती हैं।' ऑलराउंडर जेमिमा रोड्रिग्स ने फिल्म शोले का गीत ये दोस्ती हम नहीं तोडेंगे गाकर लोगों का मन लुभाया जबकि उपकप्तान स्मृति मंधाना ने श्रृंखला के बाकी बचे मैच देखने के लिए स्टेडियम में आने की अपील की।

# स्वर्गीय बालक राम चौधरी को दी गई श्रद्धांजलि





गाजियाबाद (करंट क्राइम)। बालक राम चौधरी का निधन 24 जून को हो गया था। उनकी आत्मिक शांति के लिए शोक सभा रविवार 6 जून को आयोजित की गई। शोक सभा में समाज के गणमान्य लोगों ने पहुंचकर स्वर्गीय बालक राम चौधरी को श्रद्धांजलि देते हुए उनके निधन पर शोक व्यक्त किया।




## क्या अभी तीन थानों के लिए होगा वेट

पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में 30 जून को 152 उप निरीक्षकों के पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद से रवानगी वाले आदेश हुए थे। इनको जल्द से जल्द अमल में लाना था लेकिन सूत्र बता रहे हैं कि इस मामले में अभी होल्ड वाली स्थिति बन गई है। बताया जा रहा है कि अब पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद से जो तीन थाने खाली होने का मामला था, शायद वह कांवड़ के बाद ही पूरा हो पाएगा। साथ ही नए थाना प्रभारी कौन बनेंगे, इसकी घोषणा भी कांवड़ यात्रा की समाप्ति पर आएगी। इन सबके बीच चर्चा है कि इन तीन थानों के साथ कुछ और थानों के लिए नए फेस और कुछ के प्लेस बदलने का भी फरमान जुलाई के अंतिम दिनों में जारी किया जा सकता है। वैसे भी पुलिस महकमे जून और जुलाई तबादले वाले महीने के रूप में जाने जाते हैं। जिस तरीके से पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में बीते दिनों एक के बाद एक कई जोन की लिस्ट आ रही है। तो अभी कमिश्नरेट वाले सिस्टम में थाना प्रभारियों के स्तर पर ट्विस्ट वाली संभावना नजर नहीं आ रही है क्योंकि मोहर्रम का त्यौहार ही बीता है। अभी पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में बड़ी संख्या में पुलिस बल को कांवड़ यात्रा को शांतिपूर्वक करवाना है। तो कई थानाक्षेत्र इस बार कांवड़ यात्रा को लेकर बेहद संवेदनशील भी बताए जा रहे हैं। कहा जा रहा है कि मेरठ से लगे हुए देहात के एक के बाद एक थाने तो सिटी के थाने से लेकर नदिया पार तक पुलिस के अधिकारियों को इस बार बहुत ज्यादा अलर्ट रहने की आवश्यकता है। कांवड़ को लेकर इस बार पुलिस कमिश्नरेट में अधिकारी कितने अलर्ट हैं, इस बात का अंदाजा बीते दिनों के फोटो और बयान बता रहे हैं। तो वहीं जिस तरीके से अभी तीन थानों के नए प्रभारी के फेस और प्लेस तय नहीं हो रहे हैं, उससे संकेत जा रहे हैं कि अभी तीनों थानों के लिए नए प्रभारी कौन होंगे, इसमें वेट किया जा रहा है। उधर कमिश्नरेट वाले सूत्र बता रहे हैं कि बराबर वाले कमिश्नरेट से भी पुलिसकर्मियों को भेजा और मांगा नहीं जा रहा है। इसी वजह से भी गाजियाबाद वाले भी साइलेंट मोड पर आ गए हैं। सूत्र बता रहे हैं कि जुलाई में या कांवड़ के बाद ये लिस्ट आएगी। उसमें तीन थानों के साथ ही कई और थानों को लेकर भी नाम सुनाई देंगे। इसमें सिटी और नदिया पार के लगभग 5 से 6 थाने शामिल होने की चर्चा इन दिनों जमकर सुनाई दे रही है। तो वहीं देखना होगा कि पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में थाने के प्रभारी के फेर बदल वाला आदेश कब तक किया जाता है।




## नोएडा से 25 हजार का इनामी गिरफ्तार, 62 हजार में बाइक स्कीम का झांसा देकर ठगी

नोएडा (करंट क्राइम)। पुलिस ने एमआईपी बाइक घोटाले में बड़ी कामयाबी हासिल की है। पुलिस ने 5 साल से फरार चल रहे 25 हजार रुपये के इनामी आरोपी राजेंद्र सिंह को सेक्टर-59 मेट्रो स्टेशन के पास से गिरफ्तार किया है। राजेंद्र मैपल इनोवेटिव प्रमोटिव कंपनी का प्रमोटर था। वह और उसके साथी लोगों को आकर्षक बाइक स्कीम का लालच देते थे। स्कीम के तहत 62,100 रुपये जमा करने पर एक साल तक हर महीने 10,100 रुपये देने का वादा करते थे। साथ ही तुरंत 5,000 रुपये कमीशन भी देते थे। कंपनी ने इस तरह से कई लोगों को अपना शिकार बनाया। आरोपी के खातों में लाखों रुपये जमा हुए। इसके बाद कंपनी के सभी लोग पैसे लेकर फरार हो गए। पुलिस ने थाना सेक्टर-58 और अपराध शाखा की टीम को लगाया।



## चोरी के मोबाइल बेचने वाले दो आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार, 20 मोबाइल बरामद

मुरादनगर (करंट क्राइम)। मुरादनगर पुलिस ने एनसीआर में चोरी के मोबाइल बेचने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने इनके पास से 20 चोरी के मोबाइल बरामद किए हैं। एसीपी मसूरी सर्किल लिपि नगायच को सूचना मिली थी कि कुछ लोग चोरी के मोबाइल बेचने की फिराक में हैं। इस सूचना पर पुलिस ने तत्काल कार्रवाई की। रेलवे स्टेशन से आयुध निमार्णी फैक्टरी की तरफ जाने वाले कच्चे रास्ते पर दो युवक संदिग्ध अवस्था में मिले। पुलिस को देखकर वे भागने लगे। पुलिस ने दोनों को पकड़ लिया। पूछताछ में पकड़े गए आरोपियों ने अपना नाम आदित्य और आकाश बताया। दोनों गांव धेदा के रहने वाले हैं। आरोपियों ने स्वीकार किया कि उन्होंने एक मोबाइल साहिबाबाद से और एक मधुबन बापूधाम से चोरी किया था।



## पशु व्यापारी के घर 4.35 लाख कैश और सोने-चांदी के जेवर चोरी

मुरादनगर (करंट क्राइम)। मुरादनगर थाना क्षेत्र के रेवड़ी रेवड़ा गांव में चोरों ने पशु व्यापारी हृदय राम के घर से 4.35 लाख रुपए की नकदी और सोने-चांदी के जेवर चुरा लिए। हृदय राम ने बताया कि उन्होंने हाल ही में पशु बेचकर यह रकम प्राप्त की थी। चोरी की वारदात रात में हुई, जब हृदय राम घर में सो रहे थे। चोरों ने कमरे का ताला तोड़कर नकदी के साथ सोने की चेन, अंगूठी, हार और चूड़ी सहित कई आभूषण चुरा लिए। सुबह जागने पर हृदय राम ने कमरे का ताला टूटा और सामान बिखरा हुआ पाया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और फॉरेंसिक टीम से जांच कराई। पुलिस ने मामले में रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## नाले से मिला युवक का शव, सीसीटीवी की फुटेज से तलाश जारी

हापुड़ (करंट क्राइम)। हापुड़ कोतवाली क्षेत्र की दिल्ली रोड पर रामलीला गेट के पास रविवार को एक युवक का शव नाले में मिला। शव मिलने की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जानकारी के मुताबिक रविवार की दोपहर दिल्ली रोड पर एक शव नाले में पड़ा हुआ था।

राहगीरों ने देखा कि शव ओंधे मुंह पड़ा था। मृतक का सिर कीचड़ में धंसा था और दोनों टांगें ऊपर की तरफ थीं।

राहगीरों की सूचना पर हापुड़ कोतवाली प्रभारी मुनीष प्रताप सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को नाले से बाहर निकाला। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही युवक की मौत का सही कारण पता चल सकेगा।



## महिला की फर्जी प्रोफाइल से युवक से 4.70 लाख की ठगी, आरोपी गिरफ्तार

नोएडा (करंट क्राइम)। सोशल मीडिया पर फर्जी महिला प्रोफाइल बनाकर ठगी करने वाले दो आरोपियों को सूरजपुर पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से दो मोबाइल फोन और एक पल्सर मोटरसाइकिल बरामद की गई है। आरोपियों ने फेसबुक, इंस्टाग्राम और व्हाट्सएप पर मानसी, संजू और नंदनी नाम से फर्जी प्रोफाइल बनाए। उन्होंने खुद को अविवाहित लड़कियां बताकर शादी का प्रस्ताव रखा। आरोपियों ने मेडिकल इमरजेंसी, पारिवारिक संकट और शादी की तैयारी जैसे बहाने बनाकर पीड़ित से 4.50 लाख रुपये ठग लिए। जब पीड़ित ने शादी के लिए जोर दिया, तो आरोपियों ने खुद को कथित लड़कियों का भाई बताया। उन्होंने पीड़ित को जेल भिजवाने की धमकी दी और गाली-गलौज करते हुए 20 हजार रुपये और ऐंठ लिए। पुलिस ने तकनीकी साक्ष्य और इलेक्ट्रॉनिक निगरानी की मदद से अमित उर्फ आरव और मोहम्मद रिजवान को गिरफ्तार किया। मामले में आईटी एक्ट सहित कई धाराओं के तहत केस दर्ज किया गया है।



## पोस्ट ऑफ द डे

प्रस्तुति करंट क्राइम



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। जन्मदिन आपकी जिंदगी में सबसे खास दिन होता है। आज प्रियंका शाही का जन्मदिन है और उनके जन्मदिन पर उनके सभी परिजनों समर्थकों और शुभचिंतकों ने उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दी। खास होने का एहसास और अपनों के साथ होने का पास होने का एहसास जन्मदिन पर हुआ। प्रियंका शाही के जन्मदिन की यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।

# ब्यूनस आयर्स में पीएम मोदी को 'की टू द सिटी' सम्मान, भारत-अर्जेंटीना संबंधों में मील का पत्थर

**ब्यूनस आयर्स ।** यह सम्मान विश्व के प्रतिष्ठित व्यक्तियों को ही दिया जाता है जो किसी शहर के साथ विशेष संबंध बनाते हैं या उस शहर में सांस्कृतिक, राजनीतिक या आर्थिक जुड़ाव बढ़ाते हैं।

प्रधानमंत्री मोदी ने इस सम्मान के प्रति आभार जताते हुए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, ब्यूनस आयर्स के सिटी गवर्नमेंट प्रमुख जॉर्ज मैकरी से ह्यकी टू द सिटीह्न प्राप्त करना मेरे लिए गौरव की बात है। यह सम्मान भारत-अर्जेंटीना संबंधों को मजबूत करने में उनके योगदान को मान्यता देता है।



**57 साल बाद किसी भारतीय प्रधानमंत्री की ऐतिहासिक अर्जेंटीना यात्रा :** पीएम मोदी की यह यात्रा ऐतिहासिक मानी जा रही है क्योंकि 57 वर्षों में पहली बार किसी भारतीय प्रधानमंत्री ने अर्जेंटीना की द्विपक्षीय यात्रा की है। पीएम मोदी के होटल के बाहर भारतीय प्रवासी समुदाय के सैकड़ों लोग झंडे लहराते हुए और भारतीय संगीत पर नाचते हुए उनका स्वागत करते नजर आए। यह यात्रा प्रधानमंत्री मोदी के पांच देशों के दौरे का तीसरा पड़ाव थी।

ब्यूनस आयर्स में पीएम मोदी ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और रवींद्रनाथ टैगोर की मूर्तियों पर श्रद्धांजलि दी।

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को शनिवार को अर्जेंटीना की राजधानी ब्यूनस आयर्स में दो दिवसीय आधिकारिक यात्रा के दौरान 'की टू द सिटी' (शहर की चाबी) सम्मान प्रदान किया गया। यह सम्मान भारत और अर्जेंटीना के बीच संबंधों को मजबूत करने में उनके योगदान के लिए दिया गया**

उन्होंने कहा, गांधीजी की कालातीत सोच और आदर्श मानवता का मार्गदर्शन करते रहेंगे। पूरी दुनिया में बापू के विचार गूंजते हैं और करोड़ों लोगों को शक्ति व आशा देते हैं। गुरुदेव टैगोर को श्रद्धांजलि देते हुए पीएम ने कहा, गुरुदेव टैगोर की शिक्षा और ज्ञान पर जोर देने वाली सोच आज भी प्रेरणादायक है। 1924 में उनकी अर्जेंटीना यात्रा यहां के विद्वानों और छात्रों के बीच एक गहरी छाप छोड़ गई थी।

### अर्जेंटीना के राष्ट्रपिता को भी किया नमन

पीएम मोदी ने अर्जेंटीना के 'फादर ऑफ द नेशन' जनरल जोस दे सैन मार्टिन को भी श्रद्धांजलि अर्पित की।

# इस्राइल के दक्षिणी लेबनान से पीछे हटने तक नहीं डालेंगे हथियार, हिजबुल्ला प्रमुख कासिम की चेतावनी

**बेरूत ।** हिजबुल्ला के नेता नईम कासिम ने रविवार को एक बार फिर दोहराया कि जब तक इस्राइल दक्षिणी लेबनान से पूरी तरह पीछे नहीं हटता और अपने हवाई हमले बंद नहीं करता, तब तक उनका संगठन अपने हथियार नहीं डालेगा। उन्होंने यह बयान बेरूत के दक्षिणी उपनगरों में आशूरा के अवसर पर हजारों लोगों की भीड़ को वीडियो संदेश के जरिए संबोधित करते हुए दिया।



आशूरा 680 ईस्वी में कर्बला की लड़ाई की याद में मनाया जाता है, जिसमें पैगंबर मोहम्मद के नवासे इमाम हुसैन की उस समय हत्या कर दी गई थी, जब उन्होंने उमय्यद खिलाफत को बैअत करने से इनकार कर दिया था। शिया मुसलमानों के लिए यह दिन अत्याचार और अन्याय के खिलाफ प्रतिरोध का प्रतीक है। इस साल आशूरा ऐसे समय में आया है, जब हाल ही में इस्राइल और हिजबुल्ला के बीच एक भीषण युद्ध हुआ, जो नवंबर के अंत में अमेरिका की मध्यस्थता से हुए संघर्षविराम के साथ समाप्त हुआ। इस्राइली हमलों में हिजबुल्ला के शीर्ष नेतृत्व का बड़ा हिस्सा मारा गया, जिसमें हसन नसरल्लाह भी शामिल थे और संगठन के हथियारों का बड़ा हिस्सा नष्ट हो गया। संघर्षविराम के बाद भी दक्षिणी लेबनान में पांच रणनीतिक सीमा चौकियों पर अब भी इस्राइल का कब्ज है और लगभग रोजाना हवाई हमले कर रहा है। इस्राइल का कहना है कि वह इसलिए हमले कर रहा है, ताकि हिजबुल्ला अपनी सैन्य क्षमताओं को फिर से खड़ा न कर सके। लेबनान के स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, इन हमलों में नवंबर से अब तक लगभग 250 लोग मारे जा चुके हैं, जबकि युद्ध के दौरान 4,000 से अधिक लोगों की जान गई। हिजबुल्ला से अपने शेष हथियार छोड़ने की अंतरराष्ट्रीय और घरेलू मांग लगातार बढ़ रही है।

# अमेरिकी हमलों के बाद पहली बार सामने आए खामेनेई ईरान के लोग बोले- खून की हर बूंद आपके लिए

**तेहरान ।** ईरान और इस्राइल के बीच छिड़े 12 दिन के युद्ध के बाद अब ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई पहली बार जनता के सामने आए हैं। शनिवार को तेहरान में एक धार्मिक कार्यक्रम में खामेनेई की मौजूदगी दिखी। बीते दिनों अमेरिका ने ईरान के परमाणु ठिकानों पर हमले किए थे, जिसके बाद से खामेनेई सार्वजनिक रूप से नजर नहीं आ रहे थे। उनकी मौजूदगी को लेकर अफवाहें भी उड़ रही थीं। लेकिन अब उनकी तस्वीरें सामने आ चुकी हैं।



86 साल के खामेनेई को काले कपड़ों में मंच पर बैठे देखा गया। उनके सामने मौजूद भीड़ हाथ हवा में उठाकर नारेबाजी कर रही थी कि हमारे खून की हर बूंद हमारे नेता के लिए है। ईरान के सरकारी टीवी ने बताया कि यह कार्यक्रम तेहरान की इमाम खोमैनी मस्जिद में हुआ। यह मस्जिद ईरान के इस्लामिक क्रांति के संस्थापक के नाम पर बनी है। यह कार्यक्रम शिया मुसलमानों के लिए बेहद अहम इमाम हुसैन की शहादत की बरसी पर आयोजित किया गया था।

खामेनेई बीते कुछ दिनों से सार्वजनिक कार्यक्रमों से दूर थे। उनकी आखिरी सार्वजनिक उपस्थिति इस्राइल के हमलों से ठीक दो दिन पहले हुई थी, जब वो सांसदों से मिले थे। हालांकि, पिछले हफ्ते उनका एक रिकॉर्डेड वीडियो सामने आया था, लेकिन उनकी शारीरिक स्थिति को लेकर सवाल उठ रहे थे। अब सार्वजनिक मंच पर नजर आने के बाद यह साफ हो गया है कि वो सक्रिय हैं और देश के हालात पर नजर बनाए हुए हैं।

इस्राइल ने अचानक किए थे हमले 13 जून को इस्राइल ने ईरान पर अचानक हवाई हमले शुरू कर दिए थे। ये हमले ईरान के परमाणु कार्यक्रम को निशाना बनाकर किए गए थे। इस्राइल का आरोप है कि ईरान गुपचुप तरीके से परमाणु हथियार बना रहा है, हालांकि ईरान लगातार इससे इनकार करता रहा है। इन हमलों में अमेरिका ने भी इस्राइल का समर्थन किया था। इससे दोनों देशों के बीच दशकों पुराना छाया युद्ध अब खुलकर सामने आ चुका है।

ईरान की न्यायपालिका के मुताबिक, इन हवाई हमलों में 900 से ज्यादा ईरानी नागरिकों की जान गई। वहीं, ईरान ने भी जवाबी कार्रवाई करते हुए इस्राइल के शहरों पर मिसाइलें बरसाईं।

# युद्ध में यूक्रेन का 70 फीसदी बुनियादी ढांचा तबाह, रूस को भी बड़ी क्षति, लाखों टन गोला-बारूद इस्तेमाल

**कीव ।** रूस-यूक्रेन युद्ध, जो फरवरी 2022 में शुरू हुआ, अब तक दोनों पक्षों के लिए बेहद महंगा साबित हुआ है। विश्व बैंक, यूएनडीपी और यूक्रेनी सरकार के अनुसार 70% से अधिक सार्वजनिक बुनियादी ढांचा या तो नष्ट हो चुका है या गंभीर रूप से क्षतिग्रस्त है। देश की जीडीपी में 2022-23 के बीच 30 से 40% की गिरावट आई और लगभग 80 लाख से अधिक लोग विस्थापित हुए हैं। दोनों पक्षों की ओर से सैनिकों को मिलाकर 5 से 6 लाख लोग हताहत हुए हैं।



इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट फॉर स्ट्रैटेजिक स्टडीज (आईआईएसएस) और रैंड कॉरपोरेशन की रिपोर्टों के अनुसार युद्ध में यूक्रेन को अब तक लगभग 550 से 600 अरब डॉलर (करीब 50 लाख करोड़ रुपये) की प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष आर्थिक क्षति हो चुकी है। यह क्षति मुख्यतः बुनियादी ढांचे की तबाही, ऊर्जा संयंत्रों और औद्योगिक इकाइयों के विध्वंस, कृषि भूमि के खनन और जमीनी युद्ध के चलते हुई है। हालांकि 3 साल 4 महीने पहले शुरू हुए इस भीषण युद्ध में यूक्रेन को भारी नुकसान उठाना पड़ा है। इस युद्ध की मारक परिणतियां अब युद्धक्षेत्र तक सीमित नहीं रहीं। एक तरफ जहां हजारों सैन्य और असैन्य संरचनाएं मलबे में तब्दील हो चुकी हैं, वहीं दूसरी ओर दोनों देशों की अर्थव्यवस्था और पर्यावरण पर भी इसका गहरा असर पड़ा है। अंतरराष्ट्रीय रक्षा विशेषज्ञ संस्थानों और पर्यावरण आकलन एजेंसियों के अनुसार इस युद्ध में अब तक लाखों टन गोला-बारूद का इस्तेमाल हुआ है, जिससे पूर्वी यूरोप के कई शहरों की पहचान ही मिट गई है। रूस को 300 अरब डॉलर की क्षति

रूस को भी इस युद्ध में कम आर्थिक झटका नहीं लगा है। आईएमएफ, ब्लूमबर्ग इकोनॉमिक्स और कानेर्गी मॉस्को सेंटर जैसी संस्थाओं के अनुसार रूस को अब तक लगभग 250 से 300 अरब डॉलर की आर्थिक क्षति हुई है। यह क्षति मुख्य रूप से पश्चिमी देशों के आर्थिक प्रतिबंधों, विदेशी निवेशकों के पलायन, निर्यात में गिरावट और युद्ध के बढ़ते खर्चों के रूप में सामने आई है। तेल और गैस निर्यात पर निर्भरता ने रूस की मुद्रा को अस्थिर किया और घरेलू मुद्रास्फीति में भी वृद्धि दर्ज की गई। रूस के लगभग 2 लाख सैनिक हताहत हुए हैं। यूक्रेन को भी करीब 4 लाख सैनिकों की क्षति उठानी पड़ी है।

# तालिबान को मान्यता देने की जल्दी में नहीं है इस्लामाबाद, पाकिस्तानी विदेश मंत्रालय का बयान

**इस्लामाबाद ।** पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय ने कहा है कि वे फिलहाल अफगानिस्तान की तालिबान सरकार को मान्यता देने की जल्दबाजी नहीं कर रहे हैं। पाकिस्तानी विदेश मंत्रालय ने कहा कि कोई भी फैसला देश के हितों को ध्यान में रखकर लिया जाएगा। पाकिस्तान का यह बयान ऐसे वक्त सामने आया है, जब एक दिन पहले ही रूस ने अफगानिस्तान की तालिबान सरकार को मान्यता देने का एलान कर दिया है। रूस के फैसले के बाद क्षेत्र के अन्य देश भी इस पर विचार कर सकते हैं।



पाकिस्तान ने कहा- अपने हितों को ध्यान में रखकर फैसला लेंगे पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता शफाकत अली खान ने शुक्रवार को प्रेसवार्ता के दौरान कहा कि रूस का तालिबान को मान्यता देने का फैसला उनके लिए चौंकाने वाला नहीं है क्योंकि रूस बीते कुछ समय से ऐसे संकेत दे रहा था कि वह तालिबान शासन को मान्यता दे सकते हैं। रूस का मानना है कि अफगानिस्तान में अब तालिबान का शासन है और इस बात को स्वीकार करने के अलावा कोई और चारा नहीं है। रूस की सरकार का मानना है कि तालिबान सरकार से बातचीत से आतंकी खतरे से निपटने में मदद मिलेगी और साथ ही भू-रणनीतिक हितों में भी फायदा होगा।

तालिबान से कूटनीतिक संबंध सुधारने में जुटा पाकिस्तान तालिबान को मान्यता देने के सवाल पर पाकिस्तान ने कहा कि 'हम बेशक अपने हितों को ध्यान में रखकर फैसला लेंगे और हमें इस बारे में कोई जल्दी नहीं है।

# हथियारों के लिए पाकिस्तान पूरी तरह चीन पर निर्भर स्वदेशी उत्पादन व विविध देशों से खरीद भारत की नीति

**इस्लामाबाद ।** स्टॉकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट (सिप्री) की ताजा रिपोर्ट के मुताबिक 2020 के बाद लगभग पूरी तरह चीन पर निर्भर हो गया है। पाकिस्तान द्वारा आयात किए गए हथियारों में प्रमुख रूप से लड़ाकू विमान जेएफ-17 थंडर, एयर डिफेंस सिस्टम, ड्रोन और नौसैनिक जहाज शामिल हैं। पाकिस्तान अब चीन के हथियारों का सबसे बड़ा ग्राहक है। सिप्री की यह रिपोर्ट दक्षिण एशिया में हथियारों की दौड़ और चीन-पाकिस्तान के सामरिक समीकरणों पर रोशनी डालती है। जहां भारत ने स्वदेशी उत्पादन और विविध देशों से खरीद की नीति अपनाई है, वहीं



पाकिस्तान का झुकाव एकतरफा रूप से चीन की ओर बना हुआ है। यह आने वाले वर्षों में उसकी रक्षा स्वायत्तता और रणनीतिक स्वतंत्रता पर प्रश्नचिन्ह खड़ा कर सकता है।

**पाकिस्तान ने वर्ष 2020 से 2024 के बीच हथियारों की खरीद में जबरदस्त बढ़ोतरी की और इस अवधि में चीन उसका सबसे बड़ा हथियार आपूर्तिकर्ता बना रहा। कुल आयात का लगभग 82% हिस्सा अकेले चीन से आया। चीन के अलावा तुर्किये, इटली और रूस भी पाकिस्तान को सैन्य उपकरण बेच रहे हैं**

तुर्किये-इटली प्रमुख आपूर्तिकर्ता, रूस भी शामिल पाकिस्तान ने तुर्किये से सैन्य हेलिकॉप्टर, ड्रोन तकनीक और नौसैनिक उपकरणों की खरीद की है। दोनों देशों के बीच सैन्य अभ्यास और रक्षा सौदों में बढ़ोतरी देखी गई है। इटली ने पाकिस्तान को सैन्य हेलिकॉप्टर, एविओनिक्स और नेविगेशन सिस्टम बेचे हैं। इटली की फिनमेकेनिका और लियोनार्डो कंपनियों के साथ पाकिस्तान के सौदे हुए हैं। सीमित मात्रा में ही सही लेकिन पाकिस्तान ने रूस से भी कुछ सैन्य तकनीकें और रक्षा उपकरण प्राप्त किए हैं।

# अमेरिका के टेक्सास में बाढ़ के कारण 51 मौतें

## 27 लापता लोगों की तलाश जारी

**वॉशिंगटन ।** अमेरिका के मध्य टेक्सास में आई अचानक बाढ़ से मरने वालों की संख्या बढ़कर 51 हो गई है। 27 लोग अभी भी लापता हैं, जिनकी तलाश में नावों और हेलीकॉप्टरों की मदद से खोज और बचाव अभियान चलाया जा रहा है।

केर काउंटी के शेरिफ लैरी लीथा ने शनिवार (स्थानीय समयानुसार) देर रात एक प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इस दौरान उन्होंने बताया कि मरने वालों में 14 बच्चे भी शामिल हैं। वहीं, टेक्सास डिपार्टमेंट ऑफ इमरजेंसी मैनेजमेंट के प्रमुख निम किड ने कहा, 'हम तब तक नहीं रुकेंगे जब तक हम सभी लापता लोगों को ढूंढ नहीं लेते।'





पीएम नरेंद्र मोदी ने जताया शोक इस बीच, पीएम नरेंद्र मोदी ने टेक्सास में आई बाढ़ में हुई जानमाल की हानि पर शोक व्यक्त किया। पीएम मोदी ने एक्स पर पोस्ट में कहा, 'टेक्सास में आई विनाशकारी बाढ़ में लोगों, खासकर बच्चों की जान जाने की खबर सुनकर बहुत दुख हुआ। अमेरिकी सरकार और शोक संतप्त परिवारों के प्रति हमारी संवेदना।'

बीते 25 वर्षों में हर साल औसतन 125 लोगों की बाढ़ से गई जान अमेरिका की राष्ट्रीय मौसम सेवा के अनुसार, बीते 25 वर्षों में हर साल औसतन 125 लोगों की बाढ़ से मौत हुई है। इनमें सबसे ज्यादा मौतें अचानक आने वाली बाढ़ों के कारण होती हैं। आइये जानते हैं कि अमेरिका में बीते 25 वर्षों में सबसे घातक बाढ़ कब-कब आई।

जुलाई 2025 में टेक्सास में आई बाढ़ में अब तक 32 लोगों की मौत इस महीने टेक्सास में तेज बारिश से ग्वाडालूप नदी में अचानक बाढ़ आ गई। बाढ़ में अब तक 32 लोगों की मौत हो चुकी है और 27 लोग अभी भी लापता हैं। इनमें वह लड़कियां भी शामिल हैं, जो शिविर से लापता हुई हैं। माता-पिता अपनी बेटियों की कुशलक्षेम के लिए प्रार्थना कर रहे हैं। वहीं, बचाव दल हेलीकॉप्टर, नाव और ड्रोन की मदद से लापता लोगों की तलाश के लिए अभियान चला रहे हैं।



2024 में आए तूफान हेलेन से हुई 250 लोगों की मौत अमेरिका में सितंबर 2024 में तूफान हेलेन ने दस्तक दी। तूफान ने फ्लोरिडा, जॉर्जिया, कैरोलिनास, टेनेसी और वर्जीनिया को प्रभावित किया। राष्ट्रीय मौसम सेवा के अनुसार, इस तूफान के कारण करीब 250 लोगों की मौत हुई। इनमें ज्यादातर लोग तेज हवा से नहीं, बल्कि भीतरी इलाकों में आई भारी बाढ़ से मारे गए। यह 2005 के तूफान कैटरीना के बाद सबसे जानलेवा तूफान था। इस तूफान के चलते अकेले उत्तरी कैरोलिना में ही 108 लोगों की मौत हुई।

### 2022 में केंटकी में आई बाढ़ में 45 लोगों की मौत

जुलाई 2022 के अंत में पूर्वी केंटकी में आई बाढ़ से 45 लोगों की मौत हो गई। एक्यूवेदर के वरिष्ठ मौसम विज्ञानी टायलर रॉयस ने बताया कि इस बाढ़ ने हजारों परिवारों के घर, दुकानें और जीवन की जमा पूंजी बर्बाद कर दी। स्कूल, पुल और पानी की सप्लाई सिस्टम को भी काफी नुकसान पहुंचा।

# हमास के संघर्ष विराम समझौते को इस्राइल ने ठुकराया

**तेल अवीव ।** इस्राइल और हमास के बीच संघर्ष विराम की कोशिशें जारी हैं। दोनों पक्षों के बीच कतर द्वारा मध्यस्थता की जा रही है। कतर ने संघर्ष विराम के लिए प्रस्ताव तैयार किया है, लेकिन हमास ने उसमें कुछ बदलाव किए हैं, जिस पर इस्राइल ने आपत्ति जताई और प्रस्ताव को अस्वीकार कर दिया है।



इस्राइल का प्रतिनिधिमंडल कतर रवाना इस्राइली प्रधानमंत्री ने वातार्कारों की एक टीम को कतर भेजा है, जो संघर्ष विराम प्रस्ताव में बदलाव पर बात करेगी। इस बीच इस्राइली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू रविवार को अमेरिका दौरे पर रवाना हो रहे हैं। जहां उनकी मुलाकात अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से होगी। वॉशिंगटन में दोनों नेताओं के बीच गाजा और संघर्ष विराम की कोशिशों पर बात हो सकती है। हमास की इन मांगों पर अटकी बात हमास ने शुक्रवार को अमेरिका और इस्राइल के समर्थन वाले प्रस्ताव को समर्थन दिया था, जिसमें समझौते के 60 दिनों में आधे जीवित इस्राइली बंधकों और आधे मृत इस्राइलियों को लौटाने की बात है। ये रिहाई पांच चरण में होगी। हमास ने इस प्रस्ताव में कथित तौर पर तीन बदलाव करने की मांग की है। जिसके तहत हमास स्थायी तौर पर संघर्ष विराम पर वार्ता जारी रखने की मांग कर रहा है। साथ ही गाजा में राशन की आपूर्ति पूरी तरह से शुरू करने और आईडीएफ के पूर्व के संघर्ष विराम की स्थिति में लौटने की मांग कर रहा है। इस्राइल ने हमास की इन मांगों को ठुकरा दिया है। हालांकि आगे बातचीत जारी रखने का फैसला किया है।

# राष्ट्रीय लोक दल ने नूरपुर गांव में चलाया सदस्यता अभियान





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** राष्ट्रीय लोक दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी जयंत सिंह के निर्देशों पर नूरपुर गांव में सदस्यता अभियान चलाया गया। इस सदस्यत्ता अभियान में भारी संख्या में लोगों ने भाग लिया जिसमें राष्ट्रीय लोक दल के जिला अध्यक्ष रामपाल चौधरी व सहकारी प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष अमरजीत सिंह बिडड़ी ने कहा, राष्ट्रीय लोक दल किसान कमेरे मजदूर की पार्टी है।

ज्यादा से ज्यादा लोग राष्ट्रीय लोक दल से जुड़ें और पार्टी को आगे बढ़ाने का काम करें। स्व. चौधरी चरण सिंह द्वारा किए गए किसान हित में जमींदारा उन्मूलन ग्रामीण विकास मंत्रालय बनाना व स्व. चौधरी अजीत सिंह द्वारा किसान हित में किए गए अनेक कार्य जैसे उद्योग मंत्री बनने पर 42 शुगर मिल किसान हित में उन्होंने लगवाए थे इन सबके बारे में बताया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सुरेंद्र चौधरी व संचालन जिला उपाध्यक्ष प्रदीप मुखिया ने किया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष रामपाल चौधरी, चेयरमैन अमरजीत सिंह बिड्डी, प्रदीप मुखिया, जिला सचिव ऋषिपाल सिंह, डायरेक्टर इंद्रपाल सिंह, आनंद सिंह, ऋषिपाल सिंह, सुरेंद्र सिंह, धर्मेंद्र सिंह, सत्येंद्र सिंह, यशवीर सिंह, राजीव कुमार, यशपाल सिंह, हरीश चौधरी, विनोद चौधरी, रविंद्र सिंह, राहुल चौधरी, कुशल पाल सिंह, विपिन कुमार आदि सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# आजमगढ कलेक्ट्रेट सभागार में दिनेश कुमार गोयल सभापति की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** आजमगढ कलेक्ट्रेट सभागार में दिनेश कुमार गोयल, सभापति प्रदेशीय विद्युत व्यवस्था संबंधी जांच समिति की अध्यक्षता में समिति के सदस्यों के साथ एवं अपर जिलाधिकारी आजमगढ, चीफ विद्युत विभाग व विद्युत विभाग के उच्चाधिकारियों के साथ मिलकर जनपद आजमगढ, मऊ व बलिया के विद्युत अधिकारियों के साथ कार्यों की समीक्षा बैठक की। मीटिंग में मुख्य बिन्दु पोलो पर फैली केबिलों से होने वाली दुर्घटनाओं को नियंत्रित करने हेतु कार्ययोजना, विद्युत चोरी रोकने के लिए एक्सन प्लान, मीटर रीडर को दिए गए एरिया को समय-समय पर बदला जाना सम्बन्धित कई बिन्दुओं पर जानकारी प्राप्त करते हुए उनमें सुधार हेतु आवश्यक दिशा निर्देश जारी किए गए। इस मीटिंग के दौरान सभापति दिनेश कुमार गोयल के साथ विजय बहादुर पाठक, डॉ. रतन पाल सिंह, जितेन्द्र सिंह सेंगर सदस्यगण विधान परिषद व अपर जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक, मुख्य विकास अधिकारी, चीफ विद्युत विभाग व विद्युत विभाग से सम्बन्धित सभी उच्चाधिकारी मौजूद रहे।




- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** ये बात ना जाने सामने वाले को कितनी खलेगी? मगर भाजपा के एक मंडल संयोजक ने कह दिया है कि मेरी योद्धा के साथ दाल नहीं गलेगी? इसलिए मैंने अपने व्यापार पर दे दिया है ध्यान? मुझे पता है कि वो अपनी टीम में मुझे नहीं देंगे स्थान? मुझ पर वो समझते हैं पहले वालों की है काफी छाप? इसलिए मुझे उस अनुसार ही वो रहे हैं नाप?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** नदिया पार के आलोक भैया ने निभा दिया दोस्ती का फर्ज? दे दिया अपने दोस्त को महामंत्री वाले पद पर स्थान? कहने वाले ने कहा माधव भैया को ये जिम्मेदारी देकर उन्होंने दे दिया है बाकी मंडल वालों को भी संदेश? करा दिया है एहसास कि जहां आती है दोस्ती की बात, वहां कुछ और नहीं देखता है मेरा फेस? सुना है दोस्त को महामंत्री बनाकर अब ये पार्षदी के लिए मजबूत करेंगे उसका बेस?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** जब आई मंडल के पदाधिकारियों वाली लिस्ट बाहर? तब 100 नंबर वाले सिंह साहब ने बहुत ही साईंटीफिक तरीके से प्रकट किये अपने विचार? कहा जब इंजन अग्रवाल होगा तो बोग्गी भी उसी के अनुसार उसके पीछे दौड़ेंगी? कहने वाले ने कहा बिना कहे 100 नंबर वालों ने दे दिया संदेश? कराया एहसास कि रखने वाले ने रखे हैं सिर्फ अपनी ही पसंद के फेस? चर्चा ये भी है कि मिस्टर अग्रवाल ने यहां पर दिया है 100 नंबर वालों को दर्द? उनके क्षेत्र को जहां इग्नोर किया है? वहीं उनके दो एन्टी चेहरों की एन्ट्री अपनी टीम में की है दर्ज?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** एक बात हमें समझ नहीं आ रही है श्रीमान? हम आपका खींचना चाहते हैं नदिया पार के मंडल की ओर नाम? करने वाले ने की है एक अग्रवाल मैडम की मंत्री वाले पद पर घोषणा? हमें पता चला है इस चेहरे का तो भेजा ही नहीं गया था लिस्ट में नाम? देने वाले दे रहे हैं ये संदेश? मिस्टर अग्रवाल की दखल से शामिल हुआ है ये फेस? हालांकि वो महामंत्री वाली पाल रहे थे आस? मगर ये फाईल मंत्री वाले पद पर जाकर हुई पास? मगर ऐसा करके उन्होंने करा दिया अपनी उपस्थिति का एहसास?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** नदिया पार के एक मंडल में एक पूर्व पार्षद को टीम में मंत्री बनाने को लेकर मचा हुआ है अंदरखाने घमासान? सुना है त्यागी की भावना रखने वाली मैडम ये दायित्व मिलने से हैं बहुत ज्यादा हैरान? उनको नहीं थी ये उम्मीद कि महामंत्री से नीचे वाला पद किया जायेगा उन्हें रसीद? वो इस घोषणा को नहीं मानकर चली रही हैं ठीक? कर सकती हैं वो इस मामले में कोई बडी घोषणा? ये जानकारी मिली है हमको सटीक?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** भगवान का नाम लेने वाले पार्षद ने मिस्टर रावल को दिया था अपना एक ही नाम? मगर पता चला है इस एक नाम को भी नहीं दिया उन्होंने अपनी टीम में स्थान? मिस्टर सयाल का उन्होंने नहीं रखा ख्याल? कहने वाले ने कहा जब मंडल की टीम ही उन्होंने मंत्री जी को नहीं दिखाई? तो फिर वो कैसे रख सकते थे भगवान का नाम लेने वाले मैम्बर की बात का ख्याल?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** मेरी थी वसुंधरा वाले मंडल की घोषणा हुई टीम पर नजर? मैनें देखा कि टीम घोषित होने के बाद सदस्य अपने मंडल अध्यक्ष की करेंगे फिक्र? हम देख रहे थे कि मंडल में चल रहा था पार्टी का प्रायोजित प्रोग्राम? मगर इस कार्यक्रम में 21 में से केवल 6 ही पदाधिकारियों ने अपनी शक्ल दिखाई श्रीमान? कहने वाले ने कहा अगर टीम बनाने वालों ने मान ली होती 100 परसेंट मंडल अध्यक्ष की बात? सच बता रहे हैं कार्यक्रम मे टीम के सभी चेहरे आते? नहीं बनते ऐसे हालात?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** देहात वाली भगवा कमिश्नरी से बाहर निकल कर आ रही है एक बात? कहने वाले कह रहे है यहां के दिये की लौ नहीं हो रही है किसी से बर्दाश्त? कहने वाले कह रहे हैं कि मंत्री वाला पद गया है एक ऐसे चेहरे के पास? जिसने उठाया था 2022 में हैंडपम्प वालों का झंडा? ऐसा क्यों हुआ हमें समझ नहीं आ रहा साहब? देने वाले दे रहे हैं झंडे वाले फोटो अपने पास में होने का संदेश? कहने वाले कह रहे हैं इसमें कौन सी परेशानी है भाजपा में तो कई बाहरी चेहरों को बनाया है विधायक का फेस? क्या हो गया अगर किसी को दे दिया गया मंत्री पद में स्पेस?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** एक डॉक्टर साहब को एक मंडल में उपाध्यक्ष बनाने पर मचाने वाले मचा रहे हैं बहुत ज्यादा शोर? कहने वाले कह रहे है कि ऐसी क्या मजबूरी थी जो दूसरे मंडल के चेहरे को थमाई गई इस मंडल की डोर? कराने वाले ने कराया पार्टी के संविधान का एहसास? कहा जो जिस मंडल में होता है उसकी वहीं से होती है पदाधिकारी बनने वाली फाईल पास? हमें डॉक्टर साहब की घोषणा इस वजह से नहीं हो रही है बर्दाश्त?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** देहात वाले मंडल की घोषणा, एक सक्रिय त्यागी चेहरे को नहीं हो रही है बर्दाश्त? उसने कहा बनाने वाले ने अपनी जेब के बनाये है पदाधिकारी? हम जैसे सक्रिय चेहरो को नहीं रखा अपने साथ? 2014 से सक्रियता के साथ दायित्व संभालने वाले हम जैसे चेहरों को भी नहीं दिया है स्थान? हमारी उपस्थिति से क्या उनकी लोकप्रियता प्रभावित हो रही थी? जो उन्होंने दिया इस कार्यवाही को अंजाम?

**नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।**

## पिच प्लस क्रिकेट ग्राउंड ग्रेटर नोएडा सीजन-3

# एमसीआरटी फैसिलिटी वॉरियर्स ने सेमीफाइनल में दिल्ली स्पार्टन को 5 विकेट से हराया

**ग्रेटर नोएडा, करंट क्राइम।** पिच प्लस क्रिकेट ग्राउंड पर रविवार को सीजन-3 का सेमीफाइनल मुकाबला एमसीआरटी फैसिलिटी वॉरियर्स और दिल्ली स्पार्टन के बीच खेला गया। एमसीआरटी के कप्तान रोहित ठाकुर ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का निर्णय लिया, जो टीम के लिए फायदेमंद साबित हुआ। टीम के हेड कोच सुशील भाटी, राहुल नागर, योगेश पाटिल और उप-कप्तान अमित तिवारी ने इस जीत को टीम की मेहनत और एकजुटता का परिणाम बताते हुए खिलाड़ियों को बधाई दी।

### मुनेश शर्मा चुने गए मैन ऑफ द मैच एवं बॉलर ऑफ द मैच



**करंट क्राइम।** दिल्ली स्पार्टन की टीम निर्धारित 20 ओवरों में महज 14.5 ओवर में 117 रनों पर ऑल आउट हो गई। एमसीआरटी के गेंदबाजों ने शानदार प्रदर्शन किया। सौरव शर्मा ने विकेट के पीछे बेहतरीन विकेटकीपिंग करते हुए 30 रन भी बनाए। जितेंद्र की फिरकी ने 2 विकेट (30 रन), नीरज झा की गुगली ने 3 विकेट, और अनुराग शुक्ला की घातक गेंदबाजी ने 1 विकेट लिया। रजनीश ने तेजतर्रार बल्लेबाजी करते हुए सिर्फ 9 गेंदों में 22 रन बनाए। ओम दत्त और केडी ने फील्डिंग में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। एमसीआरटी टीम की ओर से मुनेश शर्मा ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 4 विकेट (21 रन) झटके और उन्हें मैन ऑफ द मैच एवं बॉलर ऑफ द मैच घोषित किया गया।

# लायंस अंतरंग क्लब ने सेंट्रल पार्क राजनगर में किया पौधरोपण



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** लायंस अंतरंग क्लब नई दिल्ली द्वारा पौधरोपण का सबसे जरूरी और वांछित कार्यक्रम गाजियाबाद के सेंट्रल पार्क राजनगर में रविवार को आयोजित किया गया। विभिन्न प्रकार के पौधे लगाए गए। जैसा कि हाल ही में देखा गया है कि हमारे देश में बाढ़ और भूस्खलन के रूप में जो तबाही देखी गई है, वह वनों की कटाई का परिणाम है। इस प्रकार हम प्रदूषण को कम करने की दिशा में एक कदम आगे बढ़ रहे हैं, जो आज की जरूरत है। पौधरोपण पर्यावरण को बड़े पैमाने पर मदद करेगा। इस कार्यक्रम की आयोजक मधु भल्ला चार्टर अध्यक्ष, संगीता त्यागी, अध्यक्ष लायंस अतरंग क्लब नई दिल्ली द्वारा आयोजित किया गया।

सुनीती जैन कोषाध्यक्ष, संतोष गुप्ता चार्टर सदस्स, स्वाति त्यागी व राजनगर आरडब्ल्यू के अध्यक्ष डी के गोयल, पूर्व अध्यक्ष दीपक कांत गुप्ता, अमरीश त्यागी महासचिव, प्रभाकर त्यागी कोषाध्यक्ष, मोदीजी व रवींद्र त्यागी चेयरमैन वॉटसन एंड सैनिटेशन कमेटी बिल्डर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया आदि उपस्थित रहे।

# आशूरा के जुलूस में 'हाय हुसैन' की सदाओं से समां हुआ गमगीन





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** मोहर्रम के अवसर पर आशूरा का जुलूस इस्लामनगर के इमामबाड़े से निकाला गया और इमाम हुसैन के सूग्वारों ने या हुसैन या हुसैन की सदाएं देकर रसूल अल्लाह (सल्लल्लाहो वाले वसल्लम) के नवासे इमाम हुसैन और उनके 72 साथियों की शहादत को याद करके मातम किया और जुलूस निकाला। जुलूस के आगे हजरत अब्बास का आलम तो पीछे ताजिया निकाला और साथ-साथ इमाम हुसैन के मातमदारों ने नौहा और मातमदारी की और रसूल अल्लाह के नवासे की जुल्म के खिलाफ ली गई प्रतिज्ञा को याद किया। इस अवसर पर अंजुमन है अब्बासिया ने नौहा खनिकी और अंजुमन ने सदाएं हुसैनी ने भी नोहे पढ़े और इमाम हुसैन की कर्बला में दी गई शहादत को याद किया। जुलूस में शामिल आजादारों ने जंजीर से मातम करके इमाम हुसैन को अपने खून से पुरसा दिया, जुलूस इस्लामनगर के इमामबाड़े से जी.टी रोड नया बस अड्डा होते हुए बोझा वाली कर्बला पर जाकर समाप्त हुआ वहां पर सभी ने इमाम हुसैन की भूख और प्यास की याद में सारा दिन फाका रखा और जुलूस समाप्त होने पर पानी और तबररूक (प्रसाद) ग्रहण किया।

इस अवसर पर प्रमुख रूप से एडवोकेट राहत अब्बास, अब्बास हैदर, असद आगाह, जफर, डॉक्टर मोहसिन आदि मौजूद रहे। मोहर्रम का जुलूस शहर में विभिन्न स्थानों पर जैसे कि डासना, मुरादनगर, गाजियाबाद शहर, लोन आदि जगहों पर निकाला गया और इमाम हुसैन की शहादत को याद किया गया।

# वसुंधरा स्थित मनोकामना अपार्टमेंट में पार्षद के नेतृत्व में किया पौधरोपण



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** वसुंधरा स्थित सेक्टर 4ए मनोकामना अपार्टमेंट में रेजिडेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा कॉलोनी की ग्रीन बेल्ट में पौधरोपण किया गया। अभियान के तहत रविवार को लगभग 100 पेड़ लगाए गए। इस कार्यक्रम में अध्यक्ष बृजपाल सिंह व महासचिव भारत डोरबी के साथ-साथ क्षेत्रीय पार्षद शिल्पा चौधरी व महानगर भाजपा महानगर उपाध्यक्ष युवा मोर्चा आशीष चौधरी ने कॉलोनी वासियों के साथ मिलकर ग्रीन बेल्ट में पौधे लगाए। अध्यक्ष बृजपाल सिंह ने कहा कि मनोकामना अपार्टमेंट की एसोसिएशन प्रति वर्ष वृक्षारोपण के विभिन्न अभियान चलाती है। महासचिव भारत डोरबी ने पार्षद शिल्पा चौधरी व कॉलोनी वासियों का कार्यक्रम में शामिल होने के लिए धन्यवाद किया।

वृक्षारोपण के कार्यक्रम में बृजपाल सिंह, भारत डॉर्बी, संजय डोभाल, सार्थक तोमर, प्रवीण तिवारी, राकेश कुमार सिंह, ममता सिंह, अर्चना सिंह, छाया शर्मा, सुनीता शर्मा, पवन राठी, जयदेव मलिक, विपिन कुमार सिंह, संजय मीणा, संतोष मिश्रा, सुभाष शुक्ल, विनय सिंह, विकास शर्मा, रमेश ठाकुर, सुरेंद्र चौहान, सुनील बहुखंडी, डीएस रावत, अखिलेश यादव, चमोली आदि कॉलोनी वासियों, महिलाओं व बच्चों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया।

# एटीएस एडवांटेज सोसाइटी में श्री जगन्नाथ रथ यात्रा का हुआ आयोजन



**साहिबाबाद, करंट क्राइम।** इंदिरापुरम स्थित एटीएस एडवांटेज सोसाइटी में रविवार को श्री जगन्नाथ रथ यात्रा का आयोजन किया गया, जिसमें सोसाइटी के सदस्य शामिल हुए। इस धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम में श्री जगन्नाथ भगवान की रथ यात्रा का आयोजन पूरे सोसाइटी में धूमधाम से किया गया। रथ यात्रा की परिक्रमा पूरी सोसाइटी में की गई, और इस दौरान पूरे वातावरण में धार्मिक उल्लास और श्रद्धा का माहौल देखा गया। इस अवसर पर एस्कॉन मंदिर की एक टीम भी उपस्थित रही, जिन्होंने इस आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# मोहर्रम का जुलूस धूमधाम से निकला



**लोनी, करंट क्राइम।** लोनी में मुहर्रम का जुलूस धूमधाम से निकाला गया जिसमें अलग अलग कालोनियों से जुलूस कमेटियों द्वारा जुलूस में भाग लिया। आज ही के दिन मोहर्रम की दस तारीख को कर्बला में यजीदी लश्कर से लड़ते हुए इमाम हुसैन ने शहादत को गले लगाकर कयामत तक के लिए दुनिया को ये पैगाम दे दिया कि कभी भी बातिल के आगे सर ना झुकाना, चाहे जान देना पड़े तो जान दे देना मगर बातिल की बैत हरगिज कुबूल ना करना। आज के दिन मुस्लिम ईमाम हुसैन की याद में ताजियादारी करते हैं और लोगों को शरबत, पानी, लंगर तकसीम करते हैं ईमाम हुसैन की याद में जगह जगह कुरआन ख्वानी, मिलाद और जलसे की महफिलें सजाई जाती हैं।

# लखनऊ और अयोध्या के मंडल पदाधिकारी के साथ वाल्मीकि समाज की समीक्षा बैठक आयोजित







**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** दो दिन के लखनऊ अखिल भारतीय वाल्मीकि महासभा का प्रदेश अध्यक्ष होने के नाते प्रदीप चौधरी ने लखनऊ के मंडल तथा अयोध्या के मंडल के पदाधिकारी के साथ वाल्मीकि समाज को नई दिशा और दशा देने के उद्देश्य से मंडल समीक्षा की। जिसमें मंडल अध्यक्ष लखनऊ रूपचंद वाल्मीकि, अयोध्या मंडल के अध्यक्ष शिव वाल्मीकि, राष्ट्रीय महामंत्री दीपक बाल्मीकि, प्रदेश महामंत्री ऋषि वाल्मीकि, राष्ट्रीय सचिव पापे, जिला अध्यक्ष बाराबंकी रमेश वाल्मीकि, जिला अध्यक्ष लखनऊ विवेक वाल्मीकि, महानगर अध्यक्ष सुरेश वाल्मीकि, बहराइच उन्नाव अतुल, प्रदेश सचिव बंटी वाल्मीकि, प्रदेश सचिव अविनाश वाल्मीकि इत्यादि लोग इस उपसर्ग अवसर पर उपस्थित रहे। अखिल भारतीय वाल्मीकि महासभा के बैनर तले प्रदेश वाल्मीकि समाज का एक सम्मेलन करने की योजना पर बैठक आयोजित की गई।

# वार्ड 87 में पार्क के निर्माण कार्य का किया गया शुभारंभ

## 7 लाख की लागत से होगा पार्क का सौंदर्यकरण



**साहिबाबाद, करंट क्राइम।** वार्ड 87 के ज्ञान खंड 4 में रविवार को 8वें पार्क के निर्माण कार्य का शुभारंभ किया गया। ये पार्क ज्ञान खंड 4 एक नंबर गेट के बराबर में है और 7 लाख की लागत से इसका निर्माण सुंदरीकरण किया जाएगा। इस पार्क में करीब 20 साल बाद कार्य किया जा रहा है।

इसके शुभारंभ में वार्ड के वरिष्ठ नागरिक शामिल हुए। जिसमें नीता राय, मूलचंद त्यागी, अशोक त्यागी, बलबीर चौधरी, सारणवीर चौधरी, पुनिश त्यागी, चंद्रेश्वर सिंह, किशन स्वरूप इत्यादि उपस्थित रहे।

## चिन्टू जी




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। चिंटू जी की गुस्ताखियां माफ हों.. नोट : चिंटू जी कॉलम अखबार में ही प्रकाशित होता है। इस किरदार का सोशल मीडिया पर अखबार से अतिरिक्त डाली गई पोस्ट से कोई संबंध नहीं है।